ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
26 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 36

वाराणसी में देव दीपावली के साक्षी बनेंगे 70 देशों के राजदूत, क्रूज पर सवार होकर करेंगे गंगा की सैर









# रजरप्पा में स्कूली बच्चों से मारपीट का मामला गरमाया

**बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान, डीसी से मांगी रिपोर्ट**

**गिरिडीह सांसद पहुंचे, बाबूलाल ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों से मारपीट का मामला गरम हो गया है। मीडिया में आयी खबरों का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने उपायुक्त से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। उधर शनिवार को गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी स्कूल में पहुंचे और बच्चों और लोगों से बातचीत की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है। मारपीट में घायल बच्चों का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया है।

**एनसीपीसीआर गंभीर :** पूरे मामले पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने रामगढ़ डीसी से रिपोर्ट मांगी है। आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने डीसी से पूछा है कि घटना के दोषियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई से आयोग को अवगत करायें।

### क्या है मामला

चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सांडी स्थित राजकीय बल्लभ हाइ स्कूल में शुक्रवार को कुछ उपद्रवी घुस आये और सांप्रदायिक नारे लगाने लगे। इसका विरोध करने पर उन्होंने बच्चों के साथ मारपीट की। बाद में छुट्टी होने पर जब बच्चे घर लौट रहे थे, तब उपद्रवियों ने उन पर हमला किया और लड़कियों के साथ बदसलूकी की। इस, क्रम में हुई मारपीट में करीब डेढ़ दर्जन बच्चे घायल हो गये। मामले की शिकायत थाने में की गयी। बच्चों ने बताया कि मामले को लेकर रजरप्पा थाना में आवेदन दिया गया है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उपद्रवियों का उत्पात इतना बढ़ गया है कि बच्चों का स्कूल आना मुश्किल हो गया है।

### चंद्रप्रकाश चौधरी पहुंचे स्कूल

घटना की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शनिवार को स्कूल पहुंचे और लोगों से बातचीत की। उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति से भी बातचीत की। उन्हें बच्चों ने बताया कि उपद्रवी आसपास के हैं और वे अक्सर लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। सांसद ने दोषी लोगों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी, तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर रजरप्पा के थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मिश्रा, पूर्व जिप सदस्य गोपाल चौधरी, पवन शर्मा, आजसू नेता जगदीश महतो, मुखिया भानुप्रकाश महतो, सुबीन तिवारी, दशरथ महतो, राजकुमार गिरी, किशोर महतो तथा अन्य उपस्थित थे।

### बाबूलाल ने किया ट्वीट

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि स्कूल की बच्चियों के साथ मुस्लिम लड़कों के द्वारा सुनियोजित ढंग से छेड़खानी और विरोध करने पर स्कूली बच्चों पर पथराव और हमले की घटना हैरान करनेवाली है। कुसूर बच्चियों का क्या है? सिर्फ यह कि वह हिंदू धर्म की हैं या प्रदेश में हेमंत की सरकार है, जो धर्म की आड़ में दरिंदगी और अपराधियों का समर्थन करती है? बच्चियां अब स्कूल जाने में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सरकार कैसा झारखंड बनाना चाहती है, स्पष्ट करे।

## पाकुड़ में गरजे मुख्यमंत्री, अगर मैंने गलत किया है, तो मुझे पकड़ कर ले जायें

# गीदड़भभकी से डरनेवाला नहीं : हेमंत

**'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल**

**कार्तिक कुमार**



**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पाकुड़ पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के कामकाजों और योजनाओं के बारे में बताया, तो विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग हमारे इस कार्यक्रम (आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार) पर मिट्टी डालने का काम कर रहे हैं, लेकिन ये लोग आनेवाले समय में मिट्टी में लटपट कर रह जायेंगे। हेमंत ने कहा कि हम पर तरह-तरह के झूठे आरोप-लांछन लगा कर बदनाम किया जा रहा है। इससे मैं घबराने वाला नहीं हूं। अगर मैंने गलत किया है, तो मुझे पकड़ कर ले जाये, गिदड़भभकी से मैं डरनेवाला नहीं हूं। समय आने पर सरकार और राज्य की 3.15 करोड़ जनता इसका करारा जवाब देगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम 26 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम से राज्य के सभी गरीब, दलित और पिछड़ा आदिवासी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने अपने राज्य के आठ लाख लोगों को अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य किया है। वैसे गरीब और मजदूर किस्म के लोग, जिन्हें अब तक आवास का लाभ नहीं मिला है, उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में आवास से संबंधित अब दो-दो काउंटर लगेंगे और लोगों के आवेदन को स्वीकार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के पहले और दूसरे चरण के आयोजन में लगभग 90 लाख आवेदन आये और उसका निराकरण किया गया। उन्होंने पेंशन योजना, साड़ी-धोती योजना, बच्चों की शिक्षा समेत अन्य बातों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बना कर उसे धरातल पर उतार रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला, बुजुर्ग, हर वर्ग के कल्याणार्थ योजनाएं बनायी गयी हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इन योजनाओं से जुड़े और सशक्त तथा स्वावलंबी बनने की राह पर आगे बढ़ें।

### मुख्यमंत्री ने कहा

- विपक्ष के लोग हमारे इस कार्यक्रम पर मिट्टी डालने का काम कर रहे हैं, लेकिन ये लोग आनेवाले समय में मिट्टी में लटपट कर रह जायेंगे
- विपक्ष के झूठे आरोप से मैं नहीं घबराता, वक्त आने पर सरकार और राज्य की जनता देगी जवाब

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

# टनल में रेस्क्यू रुका, अब वर्टिकल ड्रिलिंग होगी

**एक्सपर्ट बोले, ऑगर मशीन टूटी, दूसरी भी नहीं आयेगी**

**मुहाने पर पानी का रिसाव बढ़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिशों में हर दिन नयी-नयी बाधाएं सामने आ रही हैं। मजदूरों से महज 10 मीटर दूर अमेरिकी ऑगर मशीन टूट गयी, जिसके कारण रेस्क्यू का काम शुक्रवार से रुका है। इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अरनॉल्ड डिक्स ने कहा है कि अब ऑगर से ड्रिलिंग नहीं होगी, न ही दूसरी मशीन बुलायी जायेगी। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए दूसरे विकल्पों की मदद ली जायेगी। बी प्लान के तहत टनल के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की तैयारी हो रही है। एनडीएमए का कहना है कि मजदूरों तक पहुंचने के लिए करीब 86 मीटर की खुदाई करनी होगी। वहीं, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि ऑगर मशीन की ब्लेड्स को काटने हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगवाया गया है। ऑगर मशीन का टूटा हिस्सा निकाले जाने के बाद मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू होगी।

### झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को मिली सुविधा

रांची (आजाद सिपाही)। उत्तरकाशी में टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकोंके हाल पर सरकार की लगतार नजर है। श्रमिकों का हाल जानने उनके परिजन उत्तराखंड पहुंचे हैं। इसकी जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तो परिजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।संबंधित जिला के उपायुक्त लगातार श्रमिकों के परिजनों से बातचीत कर स्थिति का जायजा ले रहें हैं। प्रवासी नियंत्रण कक्ष भी श्रमिकों के परिजनों से संपर्क में है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों के परिवार के सभी सदस्यों के रहने, खाने-पीने की व्यवस्था कर दी गयी है।उन्हें जैकेट, टोपी और कंबल दिये गये हैं। गौरतलब है कि टनल में फंसे झारखंड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के सात श्रमिक की पुष्टि हुई है।

## न्यूज रील्स

### हमारा सोलर मिशन आदित्य फाइनल फेज में

बेंगलुरु। भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल1 अब अपने फाइनल फेज की ओर बढ़ रहा है। इसके 7 जनवरी 2024 को एल1 पॉइंट तक पहुंचने की उम्मीद है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदित्य रास्ते में है। इसे सफलता के साथ एल1 पॉइंट पर पहुंचाने की हमारी कोशिशें जारी हैं।

### शॉपिंग मॉल में आग, 11 की मौत

कराची। शहर के राशिद मिंहास रोड पर आरजे मॉल में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गयी और 1 व्यक्ति घायल हुआ है। खबर लिखे जाने तक मॉल की बिल्डिंग में कई लोग फंसे हुए थे। फायर ब्रिगेड ने करीब 50 लोगों को रेस्क्यू कर लिया है।

### केंद्रीय कर्मियों का डीए बढ़ा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने 5वें और 6वें वेतन आयोग के अनुसार सैलरी पाने वाले केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने का ऐलान किया है। इन कमर्चारियों के डीए में ये बढ़ोतरी 1 जुलाई 2023 से प्रभावी होगी। इन कर्मचारियों के डीए में 15% से 18% तक का इजाफा किया गया है।

### राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायात

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की घोषणाओं के नाम पर वोटिंग करने की राहुल गांधी की अपील पर विवाद हो गया है। भाजपा ने राहुल की अपील को आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई और उनका अकाउंट बैन करने की मांग की है। राजस्थान निर्वाचन विभाग को शिकायत देकर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज करने की मांग की है। राहुल ने शनिवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखने का आरोप लगा है।

# राम मंदिर की तस्वीरें ट्रस्ट ने जारी की

**भूतल के चार मंडप तैयार, दिसंबर के पहले सप्ताह में भव्य रोशनी से जगमगायेगा मंदिर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** राममंदिर ट्रस्ट ने फर्श निर्माण की तीन तस्वीरें जारी की हैं। भूतल के निर्माण के बाद अब फर्श और प्रकाश का काम तेजी से चल रहा है। ये दोनों काम 15 दिसंबर से पहले पूरे कर लिये जायेंगे। इस बीच रामलला के लिए श्वेत संगमरमर के सिंहासन के काम में भी तेजी आयी है। दिसंबर के अंत तक इसे पूरा करने के बाद इस पर सोने की परत चढ़ायी जानी है। भव्य राम मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। इसका समारोह 16 जनवरी से ही आरंभ हो जायेगा। इस समारोह में करीब 100 देशों के राजनयिक और राम भक्त सहित चार हजार संत और दो हजार अन्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह के लिए स्थल को समतल कर अनुपयोगी वस्तुओं को अस्थायी तौर पर हटाया जा रहा है। राम मंदिर के पहले तल का ढांचा भी समारोह के पहले तैयार करने की कोशिश है। इसके लिए खंभों का काम पूरा करने और बीम के काम को लेकर तेजी की जा रही है। राम मंदिर का पहला तल पूरी तरह दिसंबर 2024 और दूसरा तल 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसमें पहले तल पर राम दरबार रहेगा जबकि दूसरे तल अभी खुला रहेगा। इसको लेकर बाद में निर्णय लिया जाना है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोरेन परिवार पर साधा निशाना

# मजदूरी करके खाना, शिबू सोरेन जैसा नहीं बनना: बाबूलाल

**साहिबगंज में पार्टी के जनजाति मोर्चा की मोटर साइकिल रैली में हुए शामिल**

**अजाद सिपाही संवाददाता**

**साहेबगंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मैं अपने परिवार की आनेवाली पीढ़ियों को कहूंगा कि मजदूरी करके पेट भर लेना, लेकिन शिबू सोरेन और उनके परिवार की तरह मत बनना। उन्होंने कहा कि झारखंड से प्रेम करनेवाला कोई भी परिवार या व्यक्ति अपने बच्चों को यही सलाह देगा। शिबू सोरेन उनके आदर्श नहीं बन सकते। बाबूलाल शनिवार को साहिबगंज में मीडिया से बात कर रहे थे। वह भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित मोटर साईकिल रैली में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले बाबूलाल ने भोगनाडीह में अमर शहीद सिदो कान्हू और चांद भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। आदिवासी अधिकार मोटर साइकिल रैली भोगनाडीह से प्रारंभ होकर डुमरिया फुटबॉल मैदान में संपन्न हुई। रैली का सकड़ों स्थानों पर जनजाति परंपरा और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिसने झारखंड को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसने अलग राज्य आंदोलन को बेच दिया, वह परिवार झारखंड का आदर्श नहीं हो सकता। बाबूलाल ने कहा कि इडी अपना काम कर रही है। मुख्यमंत्री अगर बेदाग हैं, तो फिर क्यों भागते फिर रहे। क्यों नहीं इडी के समन का सम्मान कर रहे। संवैधानिक पद पर बैठ कर मुख्यमंत्री कानून को तोड़ रहे। फिर आम आदमी से कैसे नियम का पालन करवायेगी ये सरकार। उन्होंने कहा कि इडी को अब मुख्यमंत्री पर विधिसम्मत कार्रवाई करनी चाहिए।



## प्रधानमंत्री ने तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी

# देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ा: मोदी


**वायुसेना, डीआरडीओ, एचएएल और भारतवासियों को दी शुभकामनाएं**


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में शनिवार को तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। मोदी ने कहा कि तेजस में सफलतापूर्वक सॉर्टी की। ये गजब का अनुभव रहा। इस उड़ान से मेरे अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ और एचएएल के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी पहुंचे थे। तेजस को एचएएल ने तैयार किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना में इसकी दो स्क्वॉड्रन शामिल हो चुकी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी सरकार के दौरान 83 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके 1ए तेजस जेट्स की डिलीवरी के लिए 36 हजार 468 करोड़ का ऑर्डर एचएएल को दिया गया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बेहद जरूरी है झारखंड के आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा

## ■ आजादी के बाद से जमीन छीनने के कारण आदिवासी झेल रहे हैं विस्थापन की मार

## ■ आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री के लिए कड़े नियम-प्रावधान बनना जरूरी

**आजाद सिपाही विशेष**

**जमीन को भारतीय समाज में मानव अस्तित्व से जोड़ा गया है और यह जमीन विशेषकर आदिवासियों के जीवन का मूलाधार है। आदिवासियों का पूरा जीवन जल-जंगल-जमीन पर टिका हुआ है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि यही जमीन उनके लिए अभिशाप बनती जा रही है। झारखंड जैसे राज्य में तो आदिवासियों के लिए जमीन ही उनके जी का जंजाल बनती जा रही है। कभी विकास परियोजनाओं के नाम पर, तो कभी औद्योगिकरण के नाम पर आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल किया जाता रहा है। अब तो जमीन के बड़े-बड़े कारोबारी और दलाल भी उनकी जमीन को औने-पौने दाम पर हथिया कर उन्हें भूमिहीन बना रहे हैं। अंग्रेजों ने उनकी जमीन की सुरक्षा के लिए सीएनटी और एसपीटी एक्ट जैसे कानून भी बनाये, लेकिन अब तो इसी कानून की आड़ लेकर आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। आदिवासियों की जमीन का मुद्दा सामाजिक और भावनात्मक है, इसलिए इसका राजनीतिक महत्व अक्सर चुनावों के दौरान गौण हो जाता है। लेकिन अब यह मुद्दा जोर पकड़ने लगा है। आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा के लिए आवाजें उठने लगी हैं, हालांकि अब तक गंभीरता से इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। अब ऐसे कानूनों की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जिनसे आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित रखा जा सके और एक आम आदिवासी अपनी जमीन का इस्तेमाल अपना भविष्य संवारने के लिए कर सके। झारखंड में अब ऐसे प्रावधानों की जरूरत है, जो आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल नहीं करे, बल्कि उन्हें विकास और समृद्धि के रास्ते पर आगे ले जा सके। इसके लिए यदि वर्तमान कानूनों में बदलाव की जरूरत हो, तो उससे भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि झारखंड के आदिवासियों को फिर एक बिरसा मुंडा और उनके उलगुलान की जरूरत नहीं पड़े। झारखंड के आदिवासियों की जमीन से जुड़े इसी पहलू के विभिन्न आयामों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अपनी बात कहने से पहले शुरुआत एक कहानी से करते हैं। जमशेदपुर की एक बड़ी कंपनी को अपने विस्तारीकरण के लिए पड़ोसी जिले में जमीन की जरूरत थी। कंपनी की इस योजना की भनक इलाके के राजनेताओं, बड़े जमीन कारोबारियों और स्थानीय दबंगों को लग गयी थी। वे उस इलाके की जमीन को खरीदने में लग गये। देखते ही देखते पूरा इलाका आदिवासियों से खाली हो गया। लोगों ने उनकी जमीन औने-पौने दामों में खरीद ली। इसके बाद जब कंपनी वहां जमीन खोजने आयी, तो उसे उन पैसे वालों से सौदा करना पड़ा। इलाके के आदिवासियों की सारी जमीन कंपनी के पास चली गयी, लेकिन आदिवासियों के हाथ चंद पैसों के अलावा कुछ नहीं लगा। यहां तक कि विस्थापन के बदले मिलनेवाली सुविधाओं से भी उन्हें वंचित होना पड़ा।

यह कहानी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि झारखंड में आदिवासियों की जमीन किस तरह लूटी जा रही है और साल-दर-साल आदिवासी बेघर होकर जीवन बिताने को अभिशप्त हो रहे हैं। यह कहानी हाल में झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) के उस फैसले को भी प्रतिबिंबित करती है, जिसमें आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री के लिए थाना क्षेत्र की सीमा की बाध्यता को संशोधित करने का प्रस्ताव है।

### क्या है आदिवासी जमीन की पृष्ठभूमि

आजादी के बाद झारखंड में 80 लाख से ज्यादा आबादी अपनी जमीन से विस्थापित होकर दर-दर भटक रही है, बेघर जिंदगी जी रही है। उनको बसाने, उनकी जिंदगी के बारे में कभी कोई आवाज नहीं उठती। जो जल-जंगल-जमीन आदिवासी जीवन का मूलाधार है, वही जमीन अब आदिवासियों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। आदिवासी-मूलवासी और किसानों का अस्तित्व नदी-पहाड़-जंगल-



जमीन पर ही टिका है। जंगल-जमीन, नदी-पहाड़ को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि आदिवासी समाज की जीवन शैली का ताना-बाना पूरी तरह प्रकृति से जुड़ा है। जंगल और जमीन एक-दूसरे के पूरक हैं। आदिवासियों ने ही सांप-भालू से लड़ कर जंगल-झाड़ को साफ कर जमीन को आबाद किया है। अलिखित परंपरा में जमीन मालिक होने के लिए किसी कागजी सबूत की जरूरत नहीं थी। आदिवासियों में जमीन का स्वामित्व सामूहिक होता रहा है और समाज के बिखराव के साथ इस परंपरा का क्षरण होता गया।

आदिवासियों की इसी सामूहिक स्वामित्व की परंपरा को सुरक्षित रखने के लिए अंग्रेजों ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी एक्ट) को लागू किया। इससे आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। लेकिन आज इन दोनों कानूनों की आड़ लेकर आदिवासियों से उनकी जमीन छीनी जा रही है। जमीन के भूखे लोग कहीं गैर आदिवासी तो कहीं पर आदिवासी ही उनकी जमीन का सौदा कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह जमीन ही आदिवासियों के विकास की, उनकी जान की दुश्मन बन गयी है।

### झारखंड की वर्तमान स्थिति

आज झारखंड में क्या हो रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। आदिवासियों से उनकी जमीन औने-पौने दाम पर खरीद कर उस पर ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी की जा रही हैं। जिस जमीन के बदले उसके वास्तविक आदिवासी मालिक को कुछ रुपये मिलते हैं, उसी जमीन का सौदा बाद में करोड़ों-अरबों में हो जाता है। झारखंड के ग्रामीण इलाकों में भी यह सब होने लगा है और कहीं से प्रतिरोध की कोई आवाज सुनाई नहीं दे रही है।

### कई बार कुर्बानी दी है आदिवासियों ने

देश के आजाद होने के बाद विकास के नाम पर भारतीय कानून बने। आदिवासियों के हक-हकूक की रक्षा, जंगल-जमीन, नदी-पहाड़ों की रक्षा के लिए, प्रकृति मूलक समाज की भाषा-संस्कृति की रक्षा के लिए पांचवीं और छठी अनुसूची में व्यवस्था की गयी। सरकार ने इस अधिकार को सुरक्षा कवच दिया। जब देश के विकास की बात आयी, 1948 में पहला औद्योगिक कानून बना, तब सीएनटी और एसपीटी एक्ट का वह प्रावधान, जिसमें कहा गया था कि आदिवासियों की जमीन न तो कोई बेच सकता है न ही खरीद सकता है, को बदल दिया गया। कहा गया कि लोकहित में जमीन उपायुक्त की अनुमति से खरीदी और बेची जा सकती है। कानून के इस एक छेद ने लूट की बड़ी गुफा का निर्माण किया। जब-जब विकास के लिए जमीन, पानी, जंगल की जरूरत हुई, आदिवासी जमीन संबंधी कानूनों में संशोधन होता गया। हर संशोधन आदिवासियों को उनके अधिकारों से उजाड़ता गया।

### जरूरी है एक मजबूत सुरक्षा कवच

टीएसी के फैसले के बाद एक बार फिर झारखंड में आदिवासी जमीन का मुद्दा गरम हो गया है। यह एक मजबूत और निर्णायक राजनीतिक मुद्दा बने, इसके लिए जरूरी है कि एक मजबूत सुरक्षा कवच के निर्माण की पहल हो। जमीन आदिवासियों के विकास और समृद्धि का जरिया बने, ना कि उनके पैरों की बेड़ियां। ऐसे प्रावधान बनाये जाने चाहिए कि आदिवासी अपनी जरूरतों के लिए अपनी जमीन किसी के हाथों रिहायशी उद्देश्य के लिए बेच सके। उसका भी रकबा सीमित हो, लेकिन बड़े भूखंडों के सौदों पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है। आदिवासी जमीन की सुरक्षा के लिए बंधु तिर्की जैसे राजनेताओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वह जिस शिद्दत और गंभीरता से इस मुद्दे को उठा कर निर्णायक मोड़ तक ले जा रहे हैं, उससे उम्मीद की एक किरण तो जरूर दिखती है। हालांकि सरकारी स्तर पर इसकी गंभीरता तभी नजर आयेगी, जब आदिवासियों की जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाये रखनेवाले पूंजीपतियों, नवधनाढ्यों और दबंगों के चेहरे बेनकाब होंगे। यह ऐसा काम है, जिसे पूरा करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ संकल्प भी जरूरी है, ताकि आदिवासियों को उनकी जमीन से अलग करने के किसी भी कुत्सित प्रयास को विफल किया जा सके।

---

**राजनीतिक हलचल**

# सीबीआइ ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ शुरू की जांच

## कैश फॉर क्वेरी का है मामला




केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ ने लोकपाल के निर्देश पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ शनिवार से प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। मामला कैश फॉर क्वेरी केस से जुड़ा है। गौरतलब है कि भाजपा के नेता निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकपाल में शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं उन्होंने मोइत्रा पर आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया है। बता दें कि मोइत्रा पर पहले ही लोकसभा की आचार समिति ने जांच बिठायी है। अब सीबीआइ की तरफ से प्राथमिक जांच शुरू की गयी है, जिससे आरोपों की सत्यता को प्रमाणित किया जायेगा और देखा जायेगा कि आरोप पूर्ण जांच शुरू करने के योग्य हैं या नहीं। अगर मामले में प्रथम द्दष्टया सबूत मिलते हैं तो सीबीआइ इस मामले में एफआइआर भी दर्ज कर सकती है। प्रारंभिक जांच के तहत सीबीआइ किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती या तलाशी नहीं ले सकती है। लेकिन वह जानकारी मांग सकती है। साथ ही टीएमसी सांसद से पूछताछ कर सकती है। दरअसल सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद की आइडी और पासवर्ड बिजनेसमैन हीरानंदानी को देने का आरोप लगा था। इसके बाद जांच के लिए एथिक्स कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने 10 नवंबर को अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को भेजकर लोकसभा सदस्यता खत्म करने की बात कही थी।

---

# राजस्थान चुनाव को लेकर सट्टा बाजार गर्म, भाजपा को 122 से 124 सीटों का आकलन

राजस्थान में चुनावों के दौरान जोधपुर जिले के फलौदी का सट्टा बाजार सटीक आकलन करता आया है। ऐसा माना जाता है कि फलोदी सट्टे बाजार का आकलन काफी हद तक सही होता है। हाल ही में सट्टा बाजार के एक सटोरिये ने एक नेशनल टीवी चैनल की रिपोर्टर से बात की। इस बातचीत में सटोरिये ने बताया कि सट्टा बाजार में भाजपा का भाव 25 पैसे का चल रहा है, जबकि कांग्रेस का भाव 3.5 से 4 रुपये चल रहा है।



### भाजपा को 122 से 124 और कांग्रेस को 62 से 65 सीटें

सटोरियों के मुताबिक सट्टा बाजार भाजपा को 122 से 124 सीटें जीतने का दावा कर रहा है। वहीं कांग्रेस के 62 से 65 सीटें जीतने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि इस सट्टा बाजार में भी पिछले एक सप्ताह में काफी उतार चढाव देखे गये। पिछले सप्ताह तक कांग्रेस की स्थिति कुछ अच्छी थी, लेकिन पीएम मोदी की रैलियों के बाद कांग्रेस के भाव बढ़ गये। यानी मोदी की सभाओं और रोड शो के बाद कांग्रेस की स्थिति और कमजोर हो गयी।

### 12 से 15 प्रमुख नेता और मंत्री हार रहे चुनाव

सट्टा बाजार के मुताबिक इस चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता और गहलोत के कई मंत्री चुनाव हार रहे हैं। सटोरियों का आकलन है कि कांग्रेस के ऐसे 12 से 15 नेता हैं, जो विधानसभा चुनाव हारने वालों में शामिल हैं। साथ ही कई प्रमुख नेता ऐसे हैं, जिनकी स्थिति काफी मजबूत है। मजबूत स्थिति वाले नेताओं में अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, दिव्या मदेरणा, सचिन पायलट, सतीश पूनिया, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और राजेंद्र राठौड़ शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री की दौड़ में वसुंधरा राजे सबसे आगे

भाजपा ने भले ही मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया हो और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को साइड लाइन किया हो, लेकिन सट्टा बाजार वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बना रहा है। सट्टा बाजार के मुताबिक वसुंधरा के मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावनाएं हैं। वसुंधरा के मुख्यमंत्री बनने का भाव 1 रुपया चल रहा हैं। सट्टा बाजार ने यह भी आकलन किया है कि यदि वसुंधरा को मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो वे कांग्रेस के गुट के साथ भी सरकार बना सकती हैं और इसमें अशोक गहलोत उनकी पूरी मदद करेंगे। वहीं 12 से 15 सीटों पर बागी प्रत्याशियों की जीत होने के दावे किये जा रहे हैं।

---

# एमपी का चुनावी परिणाम दिलचस्प होनेवाला है, भाजपा की धड़कन तेज, कांग्रेस को उम्मीद

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जम कर तैयारी की थी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद ही बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व मध्यप्रदेश के चुनावों को लेकर एक्टिव था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह राज्य के लगातार दौरे कर हर जिले की समीक्षा कर रहे थे। यही कारण था कि बीजेपी ने इस बार अपनी पहली लिस्ट आचार संहिता लगने से पहले ही घोषित कर दी थी। मध्यप्रदेश में पीएम मोदी ने भी जम



कर रैली और सभाएं की हैं। बीजेपी का लक्ष्य है इस बार मध्यप्रदेश में 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करना। 2023 का विधानसभा चुनाव बीजेपी ने एक अलग ही रणनीति से लड़ा है। इस पार पार्टी ने किसी भी चेहरे पर चुनाव लड़ने की जगह संगठन के चेहरे पर चुनाव लड़ा। यही कारण है कि पीएम मोदी ने अपनी चुनावी रैलियों में सीएम शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करने की जगह बीजेपी सरकार के विकास कार्यों के बारे में जनता को बताया। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय नेताओं न जम कर पसीना बहाया। मध्यप्रदेश में पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा और शिवराज सिंह चौहान समेत पार्टी के सभी सीनियर नेताओं ने 594 चुनावी सभाएं और रोड शो किये। 51 फीसदी वोट शेयर को लेकर बीजेपी ने बूथ स्तर पर रणनीति के तहत काम किया। राज्य में आचार संहिता लगने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सभाएं कीं। अमित शाह ने 21, जेपी नड्डा ने 14, राजनाथ सिंह ने 12, नितिन गडकरी ने तीन, शिवराज सिंह चौहान ने 165, योगी आदित्यनाथ ने एक रैली की। इसके अलावा भूपेंद्र यादव सात, वीडी शर्मा 55, नरेंद्र सिंह तोमर 38, ज्योतिरादित्य सिंधिया 80, प्रहलाद पटेल 40 और हेमंत बिस्वा सरमा ने 15 रैलियां कीं। स्थानीय वोटर्स को साधने के लिए राज्य के सीनियर नेताओं ने भी विधानसभा चुनाव में जम कर पसीना बहाया है। दरअसल, 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 41 फीसदी वोट शेयर मिला था। वहीं, सीटों की बात करें तो बीजेपी के खाते में 109 सीटें मिली थीं। इसके बाद बीजेपी ने तय किया था कि इस बार 10 फीसदी वोट प्रतिशत बढ़ाना है। 10 फीसदी वोट शेयर बढ़ाने के लिए बीजेपी ने बूथ स्तर तक के लिए रणनीति बनायी थी। विधानसभा चुनाव में यह रणनीति दिखायी भी दी। हालांकि पार्टी के 51 फीसदी वोट शेयर का सपना पूरा होगा या नहीं यह 3 दिसंबर को साफ होगा। फिलहाल एमपी के चुनावी परिणाम को लेकर भाजपा की धड़कने तेज हैं और कांग्रेस की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 13.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |

## तीसरा चरण: पाकुड़ में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

# गेम चेंजर साबित हो रहा यह अभियान : हेमंत

**पाकुड़ वासियों को 153 करोड़ 81 लाख रुपये की 118 योजनाओं का दिया तोहफा**

**लाभुकों को 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम जिस मकसद से शुरू किया गया था, उसमें यह कितना प्रभावी, कारगर और सफल साबित रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के कई राज्य झारखंड के इस मॉडल को अपनाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके दरवाजे पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पाकुड़ में शनिवार को 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**गांव-गांव पहुंच रही है सरकार की नजर :** मुख्यमंत्री ने कहा- इस अभियान के पिछले दो चरणों में राज्य सरकार की आवाज और नजरें गांव-गांव तक पहुंची हैं, लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला। यह कार्यक्रम राज्य वासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

### दो दशकों तक जन समस्याओं के समाधान को लेकर नहीं दिखी गंभीरता

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी। लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका हक और अधिकार दे रहे हैं।

### गरीबों तक योजनाओं को पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गांव-पंचायत में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर पहुंच रहे हैं और आपको उससे जोड़ने का काम कर रहे हैं। यहां लगने वाले शिविरों में अधिकारियों का दल आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मौजूद हैं। आप इन शिविरों में आएं और योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### अब पेंशन के लिए इंतजार नहीं करना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है। आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

### राज्य सरकार आठ लाख परिवारों को देगी आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब अपने बलबूते अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख परिवारों को आवास देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकुड़ जिले में कालाजार की बीमारी आम है। यह गरीबों की बीमारी है क्योंकि कच्चे और टूटे-फूटे मकान में रहने वालों को यह होती है ऐसे में अबुआ आवास योजना के तहत इन घरों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि लगभग 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सरकारीकर्मियों का काम जनता की सेवा करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है। हमारी सरकार बनने के बाद अधिकारियों की सोच में बदलाव आया है। वे गांव-गांव पहुंच रहे हैं और आपके बीच रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उसका समाधान भी कर रहे हैं।

### 97 योजनाओं की रखी गयी नींव, 21 योजनाओं का हुआ उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 66 करोड़ 76 लाख 20 हजार रुपये की लागत से निर्मित 21 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 97 योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर 87 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपये खर्च होंगे। इस तरह 153 करोड़ 81 लाख रुपये की 118 योजनाओं का तोहफा पाकुड़ वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 9942 लाभुकों के बीच 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जूली खिस्टमनी हेंब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस उप महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल और पाकुड़ जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सरकार ने जो वादे किये थे, वे एक-एक कर पूरे हो रहे हैं: आलमगीर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य में हमारे गठबंधन की सरकार ने जनता से जो चुनाव के वक्त वादे किये थे, उसे एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 15 हजार पुरानी सड़कों को बनाने का काम किया जा रहा है। प्रत्येक गांव को रोड कनेक्टिविटी से जोड़ कर किसान मजदूर को रोजगार के साथ-साथ उन्हें एक बेहतर बाजार भी देने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गाड़ी योजना से अब छात्रों को भी दूर दराज जाकर पढ़ाई करने में सुविधा होगी।

### जनता के लिए चल रही हैं कल्याणकारी योजनाएं: सत्यानंद भोक्ता

कार्यक्रम को श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार राज्य की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लोग इसका लाभ लें और इसका प्रचार प्रसार आम जनता तक पहुंचायें। कार्यक्रम को सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, दिनेश विलियम मरांडी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डीसी मृत्युंजय बरनवाल ने मुख्यमंत्री को एक स्मृति चिह्न प्रदान किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी, गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।
- **वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।
- **मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।
- **कर्क** सुख-सौहार्द्र की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।
- **सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएँ सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।
- **कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है।
- **तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।
- **वृश्चिक** राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।
- **धनु** उत्साहित रहेंगे,अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

## भाजपा किसान मोर्चा की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता का किया जायेगा आयोजन

# ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा आयेगी सामने : कर्मवीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करने पर चर्चा की गयी एवं इसके भव्य एवं सफल आयोजन हेतु कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी तय की गयी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में सभी की बूथ स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जनवरी में भव्य श्रीराम मंदिर उद्घाटन एवं प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस के ऐतिहासिक अयोध्या नगरी जाने पर चर्चा की गयी।




बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को चिह्नित एवं उन्हें प्रोत्साहित करने की सोच के कारण इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक किया जायेगा, जिसमें प्रखंड, जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन ललित नारायण ओझा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ चौधरी, राजेश सिंह, मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, प्रभात सिंह, अजय मुंडा, अजय दूबे, वैभव सिंह, मुकेश सिंह, विशाल साहु, सुरेंद्रनाथ मंडल, सफदर अली, बिनोद ठाकुर, बिंटू लाल शाहदेव सहित सभी पदाधिकारी, मोर्चा के सभी जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

# झारखंड में एटीएस होगा सशक्त, पूरे राज्य में करेगा काम

**एटीएस के रुटीन कार्यों की जवाबदेही एसपी के जिम्मे होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) को सशक्त बनाया जायेगा, ताकि पूरे राज्य में आतंकवाद निरोधी दस्ता और संगठित अपराध के खिलाफ खुल कर काम किया जा सके। इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस आदेश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया है कि एटीएस का प्रशासनिक नियंत्रण डीजीपी के अंदर होगा, जबकि एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर के जिम्मे एटीएस का अधीक्षण और परिचालनिक नियंत्रण का प्रभार होगा। वह अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मिल कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे, जबकि एटीएस के रुटीन कार्यों की जवाबदेही एसपी के जिम्मे होगी। एटीएस की ट्रेनिंग, सूचना संकलन, अभियान, जांच, अनुसंधान और अन्य सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय का कार्य भी एडीजी अभियान देखेंगे। एटीएस को मजबूत करने के लिए विशेष समूह, स्पेशल वेपन एंड टेक्निकल ग्रुप और एंटी सबोटाज टीम, अनुसंधान और अभियोजन प्रकोष्ठ, अंतरराज्जीय अपराधी के लिए प्रकोष्ठ आदि का गठन होगा। सभी प्रकोष्ठ के इंचार्ज इंस्पेक्टर रैंक के अफसर होंगे। एटीएस के अफसर और कर्मी की सामान्यतः किसी और जगह तैनाती नहीं की जायेगी। विशेष परिस्थिति में अति आवश्यक होने पर एडीजी अभियान प्रतिनियुक्ति कर सकेंगे। एटीएस का मुख्य उद्देश्य नार्को आतंकवाद, साइबर आतंकवाद, आर्थिक आतंकवाद, उनके सहयोगियों और आश्रयदाताओं पर कार्रवाई कर राज्य को इनसे मुक्त रखना होगा। आतंकी घटनाओं और संगठित अपराध के लिए एटीएस थाना को कहीं भी छापेमारी, गिरफ्तारी और अनुसंधान के लिए प्राधिकृत किया जाता है। जिलों में दर्ज मामले को पुलिस मुख्यालय के आदेश पर एटीएस दर्ज प्राथमिकी को विलोपित करते हुए नयी प्राथमिकी दर्ज करेगा। साथ ही इसकी सूचना कोर्ट को देगा। अनुसंधान का नियंत्रण एडीजी अभियान के पास होगा। एडीजी की अनुशंसा पर डीजीपी अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारी को विशेष जांच, अभियान, छापेमारी या अनुश्रवण के लिए एटीएस में प्रतिनियुक्त करने का आदेश देंगे। डिजिटल साक्ष्य के जल्द प्रोसेसिंग के लिए आधुनिक चलंत साइबर लैब बनाया जायेगा। इसमें सुरक्षित नेटवर्क के साथ समुचित प्रौद्योगिकी सुविधाएं होंगी। एटीएस टीम की कार्रवाई के दौरान किसी भी जिले में वाहन, ईंधन, रहने की व्यवस्था जिले के एसपी करेंगे। इसके लिए एटीएस मौखिक और लिखित में अनुरोध करेगा। एटीएस का दस्ता आतंकवादी हमले के मुकाबले जैसे कार्य के दौरान ही काली वर्दी पहनेगा। अन्य अवसरों पर निर्धारित पैटर्न की वर्दी ही पहन सकेंगे।

# झारखंड पुलिस में तीन चरणों में ट्रांसफर-पोस्टिंग करने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड पुलिस में बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग होगी। पुलिसकर्मियों की दो से तीन चरणों में ट्रांसफर-पोस्टिंग की जायेगी। 20 दिसंबर तक पुलिसकर्मियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की जायेगी। एक जिले में तीन साल से कार्यरत पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार ट्रांसफर पोस्टिंग की जायेगी, जिसे लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा तैयारी कर ली गयी है।

# शराब घोटाले में योगेंद्र तिवारी ने दाखिल की जमानत याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार योगेंद्र तिवारी ने शनिवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। इससे पूर्व 21 नवंबर को अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 2 दिसंबर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इडी ने योगेंद्र तिवारी को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अदालत से मंजूरी मिलने के बाद इडी ने छह दिन और आठ दिन कुल 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर योगेंद्र तिवारी से पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लॉड्रिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था।

## भाजपा ने प्रेसवार्ता कर हेमंत सरकार पर किया हमला

# बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को संरक्षण दे रही सरकार : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता कर हेमंत सरकार पर हमला बोला। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से खिलवाड़ कर रही है।

प्रतुल ने कहा कि फॉरेनर्स एक्ट के विभिन्न सेक्शन के अंतर्गत 19 अप्रैल 1958 से विदेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार करने और बाहर करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार को दी गयी है। उसके बावजूद राज्य सरकार इस पूरे मुद्दे पर कुंडली मार कर बैठी हुई है, क्योंकि इन घुसपैठियों को वह वोट बैंक के रूप में प्रयोग कर रही है। प्रतुल ने कहा कि घुसपैठियों का फर्जी आधार कार्ड को भी रद्द करने का अधिकार राज्य सरकार के पास गृह मंत्रालय ने 2019 में ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बना कर दे दिया था, जिससे यह इन फर्जी आधार कार्ड को रद्द कर सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र पर दोषारोपण करती थे, लेकिन अब तो यह स्पष्ट है कि आधार कार्ड रद्द करने और इन घुसपैठियों को बाहर करने की जिम्मेदारी पूर्णतः राज्य सरकार की है।




प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस के कार्यों में और जवाबों में भी हस्तक्षेप कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। एक तरफ राज्य सरकार के इशारे पर कई जिलों की पुलिस घुसपैठियों की उपस्थिति से न सिर्फ इनकार कर रही है, बल्कि घुसपैठ रोकने के लिए बड़े-बड़े कदम उठाने की बात कर रही है। सूचना अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने घुसपैठियों की संख्या शून्य बतायी है, जबकि 12 अप्रैल 2020 को ही स्पेशल ब्रांच ने लोहरदगा दंगों में रोहिंग्या मुसलमानों का हाथ बताया था। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के एक दिन के बाद ही खुफिया विभाग के लोहरदगा डीएसपी जितेंद्र कुमार सहित चार डीएसपी का तबादला हो गया था। कुछ ऐसे ही हालात दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा जिला के पुलिस अधीक्षकों के कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत मिले जवाबों से प्राप्त हुई है। दुमका में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या शून्य बतायी गयी है और घुसपैठ रोकने के बड़े-बड़े कदम उठाने का दावा किया गया है। जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा जिलों ने भी ऐसा ही मिलता जुलता जवाब दिया है। लेकिन इन जवाबों के बिल्कुल उलट झारखंड के स्पेशल ब्रांच में 2 जून ,2023 को पत्र लिख कर साफ कहा है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है। इन घुसपैठियों को पहले मदरसा में ठहराया जाता है। उसके पश्चात इनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और नाम मतदाता सूची में डाला जाता है। फिर साजिश के तहत इन्हें बसाया जाता है, जिससे राज्य की आर्थिक व्यवस्था पर खतरा बना रहता है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान, और अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी सीताराम रवि भी उपस्थित थे।

# बायोम इंस्टीट्यूट का उड़ान- 2023 टैलेंट सर्च एग्जाम आज

## इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर ऑफलाइन मोड में होगी परीक्षा

**सफल विद्यार्थियों को 2.15 करोड़ रुपये तक की मिलेगी छात्रवृत्ति**

**आखिरी मौका 30,000 रुपये की अतरिक्त छूट पाने का**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट 26 नवंबर को वार्षिक टैलेंट सर्च एग्जाम सह स्कॉलरशिप टेस्ट उड़ान 2024 आयोजित करेगा। इसमें सरकारी और निजी स्कूल की कक्षा आठवीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली सेंटर और हिनू सेंटर से टेस्ट के दिन ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जायेगी,



इसके लिए 200 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क चुकाना होगा। उड़ान-2024 स्कॉलरशिप टेस्ट इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर ऑफलाइन मोड पर संचालित होगी। सफल विद्यार्थियों को 2.15 करोड़ की छात्रवृत्ति दी जायेगी। मौका 30,000 रुपये की अतरिक्त छूट पाने का बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि उड़ान 2024 टेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। टेस्ट में 90% से अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट की ट्यूशन फीस में 100% की छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं, टेस्ट में शामिल होनेवाले छात्र-छात्राओं को नामांकन के दौरान अतरिक्त 30,000 रुपये तक की छूट दी जायेगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को टेस्ट के बाद 30 नवंबर, 2023 तक संस्था के केंद्र से जुड़ कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वहीं, टेस्ट के टॉपर छात्र-छात्रा को कैश प्राइज दिया जायेगा। इस एग्जाम के माध्यम से पिछले कई वर्षों में लगभग 55,000 स्टूडेंट्स लाभान्वित हो चुके हैं।

### स्कूल, कोचिंग और रेसिडेंसियल सुविधा

नामांकन सह छात्रवृत्ति परीक्षा के जरिये विद्यार्थी संस्था के टू-इयर और वन-इयर क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हो सकेंगे। पाठ्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को स्कूल, कोचिंग और रेसिडेंसियल सुविधा मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इंस्टीट्यूट के फोन नंबर 7360066185/86/87/88/89/90/91/92/93 पर संपर्क कर सकेंगे।

## अंबेडकर खेल मैदान संघर्ष मोर्चा की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर खेल मैदान संघर्ष मोर्चा की बैठक चंदवारा थाना के बगल शिव मंदिर परिसर में सहदेव राम की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बाबा साहब खेल मैदान छोटकी धमराय तिलैया डैम से आसामाजिक व्यक्तियों द्वारा गाड़े हुए बोर्ड को क्षतिग्रस्त कर लेकर भागने एवं बाबा साहब से घृणा मानने वाले लोगों के खिलाफ मोर्चा में काफी आक्रोश है। मामला दर्ज करने हेतु तिलैया डैम ओपी में आवेदन देने के बावजूद मामला दर्ज नहीं हुआ है। कोडरमा पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन दिया गया है। कहा गया कि कहीं ना कहीं कोडरमा पुलिस आसमाजिक तत्वों को बचाने के पक्ष में दिखाई दे रही है। बैठक में तय हुआ कि एक सप्ताह के अंदर मामला दर्ज कर आसामाजिक व्यक्तियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो कोडरमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक को जिप सदस्य महादेव राम, जिला मंत्री प्रकाश रजक, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, समाजसेवी कैलाश राम, अनिल दास, एम के दास ने भी संबोधित किया। बैठक में भोलाराम, गजाधर प्रसाद, संजय कुमार दास, राजेश दास, संतोष दास, सिकंदर कुमार, मुखिया धीरज कुमार, बाबूलाल दास, तुलसीदास, संतोष दास, विजय दास, मोती दास, संजय भारती आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन कैलाश राम ने किया।

## अवैध पत्थर लोड वाहन जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग कोडरमा की टीम ने रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार की सुबह अवैध उत्खनन कर पत्थर ले जा रहे एक शक्तिमान वाहन को जब्त किया है। रेंजर ने बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच प्रखंड के बगरूजोत जंगल में अवैध उत्खनन कर पत्थर लोड करके निकल रहा था। जिसके बाद वन विभाग की टीम जब नईटांड जंगल के समीप पहुंची तो एक शक्तिमान वाहन पर अवैध पत्थर लोड जंगल के पास जप्त कर लिया गया। हालांकि वन विभाग की टीम को देखकर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। शक्तिमान वाहन को वन परिसर लाया गया। इस शक्तिमान में लगभग 5 टन पत्थर लोड है। मौके पर प्रभारी वन पाल अनिल कुमार साव, इस्लाम अंसारी, अभिमन्यु कुमार, संतोष कुमार, बंटी कुमार सिंह समेत वन विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## माही ने कोडरमा का नाम किया गौरवान्वित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता की पुत्री माही ने झारखंड व कोडरमा का नाम फिर से गौरवान्वित किया। कुंजपुरा, हरियाणा में हुए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स 2023 में ओवरऑल चैंपियन व बेस्ट परफॉर्मिंग स्कूल (52 सैनिक स्कूलों के बीच) का अवार्ड शनिवार को अवार्ड सेरेमोनियल कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव द्वारा सैनिक स्कूल तिलैया को देकर कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में माही ने माता शालिनी गुप्ता व पिता आनंद कुमार आनंद को गौरव व अभिमान की अनुभूति का एक और मौका दिया। माही को सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## तंबाकू को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में कोडरमा जिला की ओर से तंबाकू को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ग दशम, एकादश और द्वादश के भैया बहनों के बीच जिला के परामर्शी दीपेश कुमार और हिमांशु ने कार्यक्रम संपादित किया। उन्होंने तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं इससे होने वाली म्यूट के बारे में भैया बहनों को जानकारी दी। कई ऐसे तथ्य भैया बहनों को बताये गये जो उनके लिए एकदम नये थे। अंत में भैया बहनों के बीच नारा लेखन की प्रतियोगिता हुई। जिसमें एकादश की बहन सौम्या को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। वही दशम के भैया आयुष एकघड़ा को द्वितीय व भैया शिवम तीसरे स्थान पर रहे। सभी सम्मिलित भैया बहनों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से भैया बहनों में जागरूकता आती है और वे इसकी चपेट में आने से बच जाते हैं। जिला द्वारा इस प्रकार का प्रयास प्रशंसा के योग्य है। इससे हमारे भैया बहन गलत आदत के शिकार नहीं होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी उपस्थित थे।

## आकाश योग केंद्र के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में चयन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** एसजीएफआई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता 2023 के लिए आकाश योग केंद्र के दो प्रशिक्षु का चयन हुआ है। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची, झारखंड सरकार के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप मे राज्य प्रतियोगिता के टॉप 10 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया था। उस मे दोनों ने टॉप 5 के खिलाडियों मे अपनी जगह बनाई और उनका चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अंडर- 17 बालिका वर्ग में लवली कुमारी विद्यालय आरएमएस बेलाटांड 2 और राखी कुमारी विद्यालय सीएच प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा है। यह प्रतियोगिता 23 से 27 नवंबर तक त्रिपुरा (अगरतला) में आयोजित की गयी है। खिलाड़ियों के चयनित होने पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कोडरमा शिवकुमार मलिक, योग प्रशिक्षक आकाश कुमार सेठ और ईशा गुप्ता ने बधाई दिया और प्रतियोगिता मे अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# बरही में डोभा में डूबे दो सगे भाई

**दोनो बच्चे धनवार गांव निवासी उमेश प्रसाद केशरी के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार और 5 वर्षीय पुत्र उज्वल कुमार है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के धनवार गांव में शनिवार दोपहर को डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई। दोनो बच्चे धनवार गांव निवासी उमेश प्रसाद केशरी के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार व 5 वर्षीय पुत्र उज्ज्वल कुमार है। बताया जाता है की सत्यम चतुर्थ क्लास व उज्वल प्रथम क्लास में पढ़ाई करते थे, दोनो अर्श पब्लिक स्कूल के छात्र थे। स्कूल छुट्टी होने के कारण दोनो घर पर ही थे। इनके खेत में धनकटनी का कार्य लगा हुआ था। इनके पिता का करियातपुर में बर्तन दुकान है और वे उसे खोलने गये थे। वहीं मां घर पर थी। दोनो बच्चे खेत की ओर बकरी चराने गये थे, इसी दौरान बकरी को पानी पिलाने के लिए बाल्टी लेकर दोनो बच्चे डोभा में पानी भरने गये। अंदाजा लगाया जा रहा है की सत्यम कुमार पानी भरने पहले गया होगा, जब उसका पैर फिसला और डोभा में गिर गया, तो उसे बचाने उज्वल कुमार भी चला गया और दोनो बच्चे डूब गये। आसपास कोई नही रहने के कारण किसी को पता ही नही चल पाया। जब उसकी मां खेत पर गई तो अपनी बच्ची से पूछी की सत्यम व उज्वल कहा है, तो वह बताई की हमे नही पता है। जिसके बाद खोजबीन शुरू किया गया, काफी खोजबीन किया गया लेकिन कही पता नहीं चल पाया। जिसके बाद डोभा के बगल में जिस बाल्टी से दोनो बच्चे पानी भरने गये थे, उसकी पहचान हुई, और अंदाजा लगाया गया की दोनो बच्चे इस डोभा में तो नहीं डूब गये। तुरंत डोभा में झग्गर के सहारे खोजबीन शुरू की गयी, सबसे पहले सत्यम कुमार को बाहर निकाला गया, जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कुछ देर बाद उज्जवल कुमार के शव को भी निकाल लिया गया। डोभा घर के ही करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है, खेती करने के लिए अपने निजी स्तर से डोभा का निर्माण किया गया था, जो करीब 10 फीट गहरा है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, समाजसेवी भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा आदि पहुंचे और घटना को काफी दुखद बताया। मौके पर ग्रामीणों में प्रकाश साव, गुलाम सरवर, विनय कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश ठाकुर, तिलक यादव, उमेश यादव, रवि कुमार, संजय केशरी, केसो यादव, जागेश्वर साव, नन्दलाल प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, सकलदेव यादव, जवाहर प्रसाद, विजय साव, राजकुमार रविदास, वीरेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, महेश प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, मनोज कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिता आयोजित

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की सोच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत क्लास टू भाषण में कुंज कुमार दास और सुशांत कुमार सिंह को प्रथम दिव्यांग श्रेष्ठ को द्वितीय ओर तनिष्का कुमारी को तृतीय स्थान मिला। जबकि क्लास थ्री में अदारिजा विश्वास को प्रथम, उजमा कौशर और उम्मे शिदरा को द्वितीय, विराट कुमार और हर्षवर्धन कुमार को तृतीय स्थान मिला। चार्ट पेपर वर्क में क्लास टू में चार्ट पेपर वर्क में दिव्यांक श्रेष्ठ को प्रथम, सुशांत कुमार सिंह को द्वितीय और उदिशा कुमारी को तृतीय स्थान मिला। वर्ग 3 में चार्ट पेपर वर्क में अदरिजा विश्वास को प्रथम, दिव्यांशी कुमारी को द्वितीय और पीयूष कुमार को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा वर्ग तीन से पांच तक के बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विजेता घोषित किया गया। इसको बनाने में साक्षी सिंह, माही कुमारी, वंदना रानी और नंदनी कुमारी का योगदान था। जबकि हाव ब्रिक्स मेड को दूसरा स्थान मिला। इसको बनाने में गौरव रंजन, आलोक यादव, अहम बरनवाल और अंकू सागर का योगदान रहा। बेस्ट एग्जिबिशन का विनर ह्यूमन बॉडी रहा। इसे बनाने में साक्षी, नेहा कुमारी, स्वीटी कुमारी, प्राची मोदी का योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में कामिनी सहाय, रंजीता कुमारी, सपना शर्मा, सीमा जैन, अलका सिंह, किशोर कुणाल, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बच्चों की प्रदर्शरीकों सराहा।

## हजारीबाग जिले के दो पत्रकारों को पितृ शोक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के दो पत्रकार के पिता के निधन से जिले के पत्रकारो में मायूसी है। कटकम सांडी प्रखंड के पत्रकार कौशल ओझा के पिता बद्री नारायण ओझा ( उम्र 80 साल) और कदमा निवासी विवेक सिंह के पिता सत्येंद्र सिंह (उम्र करीब 63 साल) शामिल हैं। विवेक सिंह के पिता सत्येंद्र सिंह कई दिनों से बीमार थे और उनका इलाज हजारीबाग में ही चल रहा था।**

## आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को भेजा गया जेल

**हजारीबाग। आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार मेहता को कोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर केंद्रीय कारा भेजा।**

# छात्रों को छत पर बैठा कर ले जाते हैं वाहन चालक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इचाक।** सरकार जहां एक ओर गांव स्तर पर शिक्षा को सुदृढ़ करने में लगी है, वहीं दूसरी ओर प्रखंड के कई गांव से छात्र अपनी जान को जोखिम में डालकर पढ़ाई करने के लिए प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। कई वाहन ज्यादा भाड़ा कमाने के लालच से छात्रों को टेकर और टैंपो जैसे वाहनों के छत पर बैठा और लटका कर लाते और ले जाते है। ऐसी ही बानगी देखने को मिली शनिवार को इचाक में जहां एक पिकअप वाहन के छत पर कई छात्र बैठ कर तथा कई छात्र लटक कर सफर कर रहे थे। बताते चले की प्रत्येक दिन गांव से दर्जनों की संख्या में विद्यार्थी टेकर और टेंपो पर लटक कर और उसके छत पर बैठकर अपनी पढ़ाई को पूरा करने में लगे हैं। जिस पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। अधिक कमाई की लालच में ड्राइवर बेधड़क ओवरलोडिंग कर रहे हैं। स्थिति तो यह हैं कि जहां छोटे-छोटे बच्चों को वाहनों में ठूस-ठूसकर भरा जाता और छत तथा वाहन के किनारे लटक कर छात्र स्कूल जाने को विवश दिखते है। कुल मिलाकर सड़कों पर मनमानी का आलम है। जिसे समय रहते रोकना बेहद जरूरी है।

# डीएवी कोडरमा में मनाया गया गुरुपर्व



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया कोडरमा में सहगामी क्रिया कलाप के अंतर्गत अलग-अलग कक्षाओं में विभिन्न क्रिया-कलाप करवाया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों ने गुरुपर्व उत्सव पर सुंदर और मनमोहक चित्र बनाये। वहीं कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम स्थान पर प्रथम स्थान रामा कृष्णा सदन के तन्मय, दयानंद सदन की निष्ठा गुप्ता और विवेकानंद सदन के निशांत कुमार रहे। द्वितीय स्थान पर श्वेता कुमारी, विवेकानन्द सदन की स्नेहा कुमारी और रामा कृष्णा की नंदिनी कुमारी रहीं। वहीं तीसरे स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन के मुहम्द आयान, विवेकानंद सदन की वर्तिक और अस्मृति रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कृति कुमारी ने निभाई। अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत रामा कृष्णा सदन और राजा राम मोहनराय सदन के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें राजा राम मोहन राय सदन विजयी रहा। इस प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार ने किया और निर्णायक की भूमिका वीणा कुमारी ने निभाई।

# सेना बहाली के लिए युवाओं को तैयार करेगा अडाणी फाउंडेशन

**1600 मीटर की दौड़ में विभिन्न गांव के 160 युवाओं ने लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए अडाणी फॉउंडेशन ने एक नयी पहल की है। प्रखंड के वैसे युवा जो भारतीय सेना (पैरामिलिट्री, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए इच्छुक हैं, उन्हें आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जायेगी। इस कड़ी में शुक्रवार से युवाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट की शुरूआत कर दी गयी है। बड़कागांव हाइ स्कूल मैदान में स्क्रीनिंग कैम्प के पहले दिन हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया। इन सबकी लंबाई, सीना और वजन की माप की गयी, जिसके बाद इन युवाओं ने 1600 मीटर दौड़ में भाग लिया। दौड़ में सफल युवाओं को सिट अप्स और पुश अप भी कराया गया, जिसके बाद इन्हें ग्लूकोज, पेयजल और रिफ्रेशमेंट्स दिये गये। पहले दिन की स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन किया गया। अब इन्हें दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शामिल किया जायेगा, जिसके बाद इन्हें आगे प्रशिक्षण दिया जायेगा। दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच भी की जायेगी।

**स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद रोजगार के लिए हो रही है सार्थक कोशिश**

अडाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निशुल्क मेडिकल कैंप और नेत्र जांच शिविर लगाये जाये रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान किये जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किये गये हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। अब स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अडाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू कर दी है।

## श्रद्धानंद सिंह को मिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग के जिला संघचालक का दायित्व



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक अहम बैठक स्थानीय मालवीय मार्ग स्थित संघ कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग जिले के जिला संघ चालक के रूप में हजारीबाग के प्रतिष्ठित समाजसेवी सह पूर्व से संघ से जुडे. रहने वाले श्रद्धानंद सिंह को यह दायित्व सौंपा गया। श्रद्धानंद सिंह को राष्ट्र कार्य और समाजहित में अपने आप को समर्पित करने हेतु संघ द्वारा यह नया दायित्व सौंपा गया। श्रद्धानंद सिंह का जन्म हजारीबाग जिले के इचाक खत्री मोहल्ला में हुआ। उनके पिता का नाम स्व. काली प्रसाद सिंह और माता का नाम केतकी देवी है। उनके पिता स्व.काली प्रसाद सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता, इचाक के भूतपूर्व सरपंच और धार्मिक व आध्यामिक व्यक्तित्व के धनी होने के साथ लेखक के रूप में भी उनकी ख्याति रही है और उनकी माता गृहणी हैं। श्रद्धानंद सिंह एक सफल व्यवसाई होने के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं। वर्तमान में श्रद्धानंद सिंह कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला के सचिव और संघ के कई ट्रस्टों में प्रमुख दायित्व का भी बखूबी निर्वहन कर रहें है। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने भी श्रद्धानंद सिंह को इस नये दायित्व और जिम्मेदारी के लिए बधाई दिया है।

## हजारीबाग में रक्तदान शिविर



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेहरी पंचायत में शनिवार को मुन्ना सिंह ने रक्तदान देकर किया रक्तदान शिविर का आरंभ किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में मुन्ना सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कई तरह के भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। दूसरों की मदद करने से: तनाव कम होता है, भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है । ब्लड डोनेशन के दौरान फ्री चेकअप से शारीरिक लाभ होता है। नेगेटिव भावनाओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। एक स्वस्थ हृदय और संवहनी प्रणाली अक्सर ब्लड डोनेट करने से ब्लड प्रेशर और दिल के दौरे का जोखिम कम हो सकता है। रक्तदान शिविर में सदर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश प्रसाद मेहता, उप प्रमुख रविकांत सिंह, अनिल कुमार, कुणाल कुमार, रामवीर कुमार दास, सागर कुमार, रामकुमार महतो, राजेश प्रसाद, विक्रम कुमार सिंह, सुमित कुमार, पवन यादव, गौतम सिंह, नरेश कुमार यादव, संदीप कुमार, इत्यादि ग्रामीण अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

## दौलत महतो बीएड कॉलेज में होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय बनासो में जनजाति शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सचिव गौरव पटेल और प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि 26 और 27 नवंबर को जनजातीय शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कहा कि हमें इस प्रकार का सहयोग अभिभावकों से मिलता रहे तो शिक्षा के क्षेत्र में हमारा संस्थान आगे जायेगा। दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय जनजाति शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 26 और 27 नवंबर को किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में जनजाति शिक्षा पर व्याख्यान देने विभिन्न विश्वविद्यालय से विद्वानों का पहुंचना सुनिश्चित किया गया है। जनजाति शिक्षा पर इस प्रकार का आयोजन इस क्षेत्र के लिए पहला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में इस क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षा जगत से जुड़े लगभग 1000 व्यक्तियों की पहुंचने की संभावना है। जिनके लिए महाविद्यालय में रहने खाने की समुचित व्यवस्था की गयी है। मौके पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, प्रो. ओमकारनाथ शर्मा आदि मौजूद थे।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बांटे कंबल

**बरही (आजाद सिपाही)।** धार्मिक अनुष्ठानों पर कभी महाप्रसाद का वितरण तो कभी खीर का वितरण अनाथ आश्रम में अध्यनरत बच्चों के बीच अंग वस्त्र वितरण तो कभी दूध पियो शराब छोड़ो का नारा देते हुए दूध का वितरण कर हमेशा चर्चाओं में रहे विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन इस बार ठंड के आगमन को देखते हुए गरीब लाचार असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरण करने के लिए कमर कस लिया है। उक्त जानकारी फाउंडेशन के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह ने बताया कि प्रखंड के कुल 26 पंचायतों में अलग-अलग शिविर लगाकर अत्यंत पिछड़े और गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 27 नवंबर सोमवार को दैहर और पड़रिया पंचायत में संयुक्त रूप से शिविर लगाकर किया जायेगा। वहीं फाउंडेशन के प्रखंड सहसंयोजक मुकेश यादव ने कहा है कि समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा करने पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर चुनौतियों का सामना करने के लिए चट्टान की तरह अटल रहेगा।

## डीवीसी ने किया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत पोषक क्षेत्र के सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। उच्च विद्यालय घंघरी, प्राथमिक विद्यालय डूमरडीहा, बिसोडीह, सोनपुर, काको के छात्र-छात्राओं के द्वारा जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि डीवीसी शुरू से ही सामाजिक कार्यों में रुचि रखते आ रहा है। डीवीसी ने ने एक प्लेटफार्म देने का काम किया है जिससे ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं को निखरने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने नृत्य संगीत प्रस्तुत कर समाज में पहचान देने का कार्य किया है। मौके पर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति राज्य सरकार गंभीर: एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ शिलवंत भट मौजूद थे। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि ने किया। मौके पर एसडीओ श्री भट्ट ने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति गंभीर है। राज्य की जनता इसका लाभ उठाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में पंचायत के 48 छात्र-छात्राओं के बीच प्रति छात्र को 4500 रुपए चेक का वितरण किया गया। साथ ही सोना सोबरन धोती साड़ी लुंगी योजना के तहत 11 लाभुकों को धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी सरकारी योजनाओं के तहत सर्वजन पेंशन योजना, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य शिविर, अबुवा आवास योजना, मतदान केंद्र, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा विभाग, झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी विकास विभाग, सावित्रीबाई फूले समृद्धि योजना, किशोरी समृद्धि योजना, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आदि के स्टाल लगाये गये थे। कार्यक्रम में बीडीओ संजय कोगाड़ी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, कल्याण पदाधिकारी कृपाल कच्छप, सहकारिता विभाग के मधुसुदन ठाकुर, बसंतपुर पंचायत की मुखिया सरिता देवी, पूर्व मुखिया राजलाल महतो, सीआई सुरेश वर्णवाल आदि मौजूद थे।

## रिम्स के प्रभारी निदेशक का मांडू में स्वागत



**मांडू (आजाद सिपाही)।** रांची रिम्स के प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता का मांडू में शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्री गुप्ता ने भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार गुप्ता के आवास पर छठ का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## 'सवाल सौ रुपये का' प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** फिट इंडिया स्कूल वीक के अंतर्गत एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में कौन बनेगा करोड़पति के तर्ज पर सवाल सौ रुपये का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वर्गवार बैच बनाये गये। सर्वप्रथम राउंड वन में वर्गवार प्रश्न पूछा गया, उसमें चयनित विद्यार्थी राउंड टू में प्रवेश किया। राउंड टू में फास्टेस्ट फिंगर कराया गया। उसके बाद फास्टेस्ट फिंगर में जो विद्यार्थी सबसे तेज जवाब दिए, उनके साथ सवाल 100 का प्रतियोगिता खेला गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के रुद्र प्रताप वर्ग द्वादश विज्ञान संकाय और रूपा कुमारी वर्ग नवम ने अभूतपूर्व तरीके से 100 रुपये जीता। साथ ही रानी कुमारी ने इस प्रतियोगिता में 59 रुपये जीता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ विद्या पाठक ने बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक सुबोध कुमार, सुनील कुमार, सुधा सुनीता लकड़ा, वेदनाथ मिश्रा, संजीव कुमार, आभा नाग, महेश कुमार यादव, धनंजय कुमार, श्वेता कुमारी, अरुण कुमार यादव, अजीत कुमार, देवेंद्र शर्मा, दिगंबर प्रसाद, प्रियंका कुमारी, किशोर कुमार की अहम भूमिका रही।

## वाइड विजन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** वाइड विजन पब्लिक स्कूल, छोटकीडूंडी में द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान उत्साहित बच्चो ने दौड़ सहित कई खेलो में भाग लिया। वही, विद्यालय प्रबंधन द्वारा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों को शिक्षा के साथ-2 खेलकूद को भी जरूरी बताया। कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक मजबूती मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल निदेशक नकुल कुमार महतो, प्राचार्य रविंद्र कुमार, अध्यक्ष देव कुमार, सचिव गोविंद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र करमाली सहित शिक्षक मनीषा, संगीता, समीर, संध्या, जीतन, उषा, सुनीता, तिलक कुमार, सिकंदर महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्री श्री साई मंदिर में भंडारे का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार स्थित साई मंदिर की द्वितीय स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान भक्तों ने साई बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोग लगाया। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी गुड्डू मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, नित्यानंद, झरी साव, मैना देवी, राजू सोनकार, बबलू कुमार, गुड्डू कुमार, नरेस साव, विश्वनाथ ठठेरा मोहन, कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# नक्सली संगठन का सब जोनल कमांडर बबन भोक्ता गिरफ्तार

**दो आइडी केन बम समेत अन्य सामग्री बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर बबन भोक्ता उर्फ बबन जी पिता चंदर गंझु को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने सब जोनल कमांडर की निशानदेही पर पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य के लगाया गया दो आईडी केन बम, 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, पलैशहैडर और बैट्री बरामद किया है। सदर थाना में आयोजित प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सब जोनल कमांडर बबन भोक्ता संगठन के विस्तार करने और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नौकाडीह स्थित अपने घर आया है। सूचना की सत्यता की जांच करते हुए सदर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी करते हुए भाकपा माओवादी के सक्रिय सब जोनल कमांडर बबन भोक्ता उर्फ बबन को नौकाडीह हारा गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सली कमांडर ने स्वीकार किया कि पुलिस बल को क्षति पहुंचाने की नियत से अरविन्द भुइयां के साथ मिलकर हारा नकटिया पहाड़ में आइडी केन बम लगाया है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो-दो किलो का दो आइडी केन बम, 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, पलैशहैडर, बैट्री बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सभी नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि वे हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण कर दें और झारखंड सरकार की नई आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ें। झारखंड सरकार के द्वारा आत्मसमर्पण नीति को और अधिक सुगम बनाया गया है, जिससे आत्मसमर्पित नक्सली को 24 घंटे के अन्दर ओपेन जेल में शिफ्ट किया जा सकेगा। छापामारी दल में चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, वशिष्ठनगर थाना प्रभारी, गुलाम सरवर, गिद्धौर थाना प्रभारी नितेश कुमार दूबे, हंटरगंज थाना के सत्यवान कुमार, प्रतापपुर थाना के सअनि नन्द कुमार भगत, झारखंड जगुआर के जवान शामिल थे शामिल थे।

# 31 दिसंबर तक ट्रेड लाइसेंस बनवाना करें सुनिश्चित: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने अपने आवासीय गोपनीय कार्यालय में नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के आबादी सर्वे, हाउस होल्ड सर्वे, अपूर्ण और लंबित कार्यों की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने हाउस होल्ड सर्वे व आबादी का सर्वे कार्य कराने, नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जो कार्रवाई पूर्व में की गयी थी उसका लगातार मॉनिटरिंग करते रहने, फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास करने वाले लोगों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने, फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेचने वाले लोगों को जल्द से जल्द जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के समीप बन कर तैयार नवनिर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराने, स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नगर परिषद पदाधिकारी विनीता कुमारी को शहरी क्षेत्र के सभी दूकानों का ट्रेड लाईसेंस बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए दुकानों का ट्रेड लाइसेंस 31 दिसंबर तक बनवाने का निर्देश दिया।

## जीएस स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में शनिवार को शहर के बिजुलिया स्थित जीएस जौली स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष मेघा बगड़िया, सचिव नीरू साहनी, डॉ स्मिता झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया। इससे पूर्व डॉक्टर के आगमन पर क्लब के पदाधिकारियों उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान शिविर में डॉ स्मिता झा के द्वारा बच्चों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दी। मौके पर क्लब की कोषाध्यक्ष नमिता सर्राफ, अनुराधा सर्राफ, पिंकी गांधी, पम्मी गांधी सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, मुखिया अजय पासवान, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह व राजकिशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, चंदन साव आदि ने किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू, उप मुखिया संजीत राम, पंसस दीपक कुमार, वार्ड सदस्य रोशन पासवान, कौशल्या देवी, किरण देवी, धनंजय सिंह, विक्कू रजक, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा आदि मौजूद थें।

# एसपी से मिले भाजपाई, रजरप्पा मामले में कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** सांडी स्थित आरबी प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट की घटना को लेकर हजारीबाग सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा के निर्देश पर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रामगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय से मुलाकात की और दोषियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस अधीक्षक ने भी आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, जिला खनिज मद के प्रतिनिधि सुमन सिंह, जिला महामंत्री छोटन सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी शामिल थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउडेशन के सौजन्य और राष्ट्रीय सेवा मंच के सहयोग से भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-महिला पुरुष और बच्चों के बीच शनिवार को भोजन का वितरण किया गया। जो रविवार को भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के तहत मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जायसवाल ने करीब 100 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि जेएसपी फाउडेशन के मिशन जीरो हंगर के महत्वाकांओ योजना के तहत भुरकुंडा बाजार में अब सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को गरीबों को भोजन कराया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु, राकेश शर्मा, लखन राम, मोहम्मद शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## डीएवी स्कूल में सहज योग का प्रशिक्षण

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, नॉर्थ करणपुरा में सहजयोग का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात विद्यालय के प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार पांडेय व सहजयोग प्रशिक्षण दल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूज्य माताजी निर्मला देवी के जन्म शताब्दी वर्ष 1923-2023 के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में रायगढ़ छत्तीसगढ़ राज्य से आये प्रशिक्षक कनोज देवराज, झाल विजय पटेल, चापले शेखर सहित उनके पूरे टीम का स्वागत प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। एक दिवसीय सहजयोग प्रशिक्षण में प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि सहजयोग प्रशिक्षण कैंप के माध्यम से बच्चों और बड़ों के अंदर में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सहजयोग के गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम कनोज देवराज के देखरेख में संपन्न हुआ बताया गया।

### 555 वें प्रकाशोत्सव पर निकाली जा रही प्रभातफेरी, अंतिम दिन साध संगत में दिखा उत्साह

# नानक आया, नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी के अंतिम दिन शनिवार को साध संगत लोगों में खासा उत्साह देखा गया। साध संगत में अनोखा नजारा और हुजूम दिख रहा था, पूरा छेत्र भक्तिमय के साथ साथ गुरुवाणी से गूंज रहा था। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला एवं पुरुष शामिल हुए। प्रभातफेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा अपने हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे-आगे चल रहे थे। साध संगत ढोल नगाड़ों के साथ गुरुवाणी पेश कर रहे थे। जिसमें, सबना का मां पियो आप है अपने सार करे, दिन दयाल भरोसे तेरे, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर गुरु बिना मैं नाही होर, मोर हदय बसो गोपाल, तेरी सेवा तेरी सेवा ममाधो बिछड़े थे, जिसको पुरब लिखिया तिन सतगुर चरन गहे, तिन सतगुर चरन गहे, लाख खुशिया पातशाहिया जे सतगुर नदर करे, मिटी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोला आदि गुरुवाणी से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

**सरदार रामदयाल सिंह चौपड़ा को किया गया सम्मानित:** प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर शिवाजी रोड किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई।

प्रभातफेरी में पिछले 8 दिनों से नंगे पैर निशान साहब की सेवा अपने हाथों में लिए कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चौपड़ा को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह गुल्लू आनंद ने खालसा क्रिकेट की तरफ से सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

वही, खालसा क्रिकेट क्लब के तरफ से प्रभात फेरी का स्वागत आतिशबाजी फूल माला और चाय नाश्ते के साथ साध संगत का स्वागत किया गया। निशान साहब की सेवा स्व सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा के सुपुत्र सरदार सत्येंद्र सिंह छाबड़ा के परिवार की तरफ से की गयी।

**प्रभातफेरी में ये थे शामिल**

प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल, पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह, विंसी कोहली, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, पूर्व चेयरमैन इंदरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा, जसकीरत सिंह भाटिया, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह, गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी, प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्सल, रानी जस्सल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जौली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

## केंद्रीय विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्रों की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की बैठक शनिवार को भुरकुंडा रिवर साईड स्थित विद्यालय परिसर में हुई। इसमें रांची-रामगढ़ व हजारीबाग जिला में रह रहे अलग-अलग बैच के दर्जनों पूर्ववर्ती विद्यार्थी शामिल हुए। बैठक में मिलन समारोह के आयोजन पर चर्चा की गयी। जिसमें आपसी विचार-विमर्श के बाद निर्णया लिया गया की आगामी 24 दिसंबर को भुरकुंडा रिवर साइड स्थित विद्यालय परिसर में भव्य मिलन समारोह का आयोजन होगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे विद्यार्थी सुबह स्कूल पहुंचेंगे, इसके बाद वे विद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए विशेष तौर पर आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। वहीं दोपहर के भोजन के बाद विद्यार्थी रांची सीएमपीडीआई के ऑफिसर्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम व रात्रि भोज में शामिल होंगे। बैठक में संजय खंडेलवाल, संजय गुप्ता, सचितानंद सिंह, फिलिप्स डिक्रूज, भूपेंद्र सिंह सैनी, महेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, देवेंद्र सिंह, हरि कुमार, सुनील सिन्हा, अजय मित्रा, आनंद, के राजू, संजय सिंह, परमेंद्र सागर, रामकैलास शर्मा, दीपक मिश्रा, संजय कुमार रवि, राकेश सिंह, उपेंद्र राणा, शांतनु सिन्हा, अशोक लाल, प्रमोद सागर, सुदीप चैधरी, प्रमोद पाठक, राजेश पंडित, दुर्गेश नंदन तिवारी, रमाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय आदि उपस्थित थे।

# मिथकों का मोल

एनसीइआरटी की सात सदस्योंवाली उच्चस्तरीय समिति ने हाल ही में सिफारिश की है कि सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को सोशल साइंस के सिलेबस के तहत रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य पढ़ाये जाने चाहिए। हालांकि इस आशय की सिफारिशें पहले भी दी गयी हैं। समिति ने भी माना है कि कुछ एजुकेशन बोर्ड स्टूडेंट्स को रामायण पढ़ाते हैं, लेकिन वहां इन्हें मिथक के रूप में पढ़ाया जाता है। अगर समिति की सिफारिशों को मान लिया गया, तो स्कूलों में स्टूडेंट्स को इतिहास की कक्षा में रामायण और महाभारत पढ़ायी जा सकती है। लेकिन इतिहास और मिथक के बीच की सीमा का इस तरह धुंधला होना कोई अच्छी बात नहीं कही जायेगी। इसके कई तरह के नुकसान आगे चल कर देखने को मिल सकते हैं। भारतीय समाज में मिथकों की बड़ी खास जगह रही है। मिथकीय कहानियां हमारे रोजमर्रा के जीवन, रहन-सहन और बोलचाल का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इतिहास इस लिहाज से एक रूखा विषय है कि इसमें घटनाओं, लड़ाइयों और तारीखों का अंतहीन ब्योरा अक्सर इसे सिरदर्द बना देता है। छात्रों के लिए तो यह एक कठिन विषय हो ही जाता है, एक समाज के रूप में भी भारत में इतिहास के इस रूप को ज्यादा तरजीह नहीं मिली। घटनाओं के ब्योरों में जाने के बजाय कहानियों के रूप में उन घटनाओं से निकले सबकों और मूल्यबोध को स्थायी रूप देना यहां ज्यादा जरूरी माना गया। संभवतः इसी का परिणाम है कि एक समाज के रूप में हम घटनाक्रम और उसके कारण शक्ति समीकरणों में आने वाले तात्कालिक बदलावों के ब्योरों पर दृष्टि जमाये रखने के बजाय जीवन को गति देने वाले उदात्त और सनातन मूल्यों को कहानियों में पिरोकर उन्हें सुरक्षित रखने पर ज्यादा ध्यान दे सके। यही वजह है कि वे मिथक आज भी हमारे जीवन, आचरण और मूल्यबोध को स्वरूप देने में इतनी अहम भूमिका निभाते हैं, जितनी दुनिया के शायद ही किसी समाज में निभाते हों। इन सबके बावजूद इन्हें इतिहास का हिस्सा बनाने से परहेज करना जरूरी है। औपचारिक तौर पर इतिहास लिखने और उसका अध्ययन करने की प्रवृत्ति पश्चिम की देन है। उनका कहना है कि आगे बढ़ने के लिए अतीत की गलतियों से सबक लेना जरूरी है। लेकिन व्यवहार में अतीत पर पर ज्यादा जोर हमारी समझ को परिपक्व बनाने के बजाय पुराने हिसाब-किताब बराबर करने की भावना से लैस करके ज्यादा हिंसा की ओर ले जाता है। मतलब यह नहीं कि एक विषय के रूप में इतिहास को पढ़ना या समझना गलत है, लेकिन इसका अध्ययन करते हुए वस्तुपरकता, एक तरह की तटस्थ दूरी बरतने की तमीज जरूरी है, ताकि अतीत की परछाईं हमारे वर्तमान और भविष्य के तकाजों को धुंधला न करने लग जाये और हां, मिथक को सिकोड़ कर उसे इतिहास में तब्दील करने की भूल तो हमें बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

**मिथकीय कहानियां हमारे रोजमर्रा के जीवन, रहन-सहन और बोलचाल का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इतिहास इस लिहाज से एक रूखा विषय है कि इसमें घटनाओं, लड़ाइयों और तारीखों का अंतहीन ब्योरा अक्सर इसे सिरदर्द बना देता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**समाज अक्सर लड़के-लड़की के बीच कोई भेद न करने, दोनों को समान समझने और एक जैसे अवसर देने की बात करता है। हम यह नहीं कहते कि वह झूठ कहता है, लेकिन इतना अवश्य है कि सच पर पर्दा डालने का काम करता है। उदाहरण के लिए चाहे लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई हो, उनकी नौकरी या अपने पैरों पर खड़े होने की बात हो, शादी और दहेज का मामला हो, रीति-रिवाज तथा परंपराओं के पालन की जिम्मेदारी हो, पुरुष समाज उन्हें बहकावे में रख कर अपनी बात मनवाने में कभी पीछे नहीं रहता।**

# आर्थिक मजबूती ही महिलाओं को शोषण और हिंसा से बचा सकती है

पूरन चंद सरीन

25 नवंबर महिलाओं का हिंसा से मुक्ति दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया भर में मनाया जाता है। अक्सर इस तरह की बातें होती हैं कि स्त्रियों को किस प्रकार से सुरक्षित किया जाये कि उनके साथ भेदभाव, मारपीट और शारीरिक तथा मानसिक अत्याचार न हो। यह सब बतरस यानी जुबानी जमाखर्च जैसा है क्योंकि हकीकत बताती है कि संसार में 3 में से एक महिला के जीवन में कम से कम एक बार शरीर, मन, सैक्स संबंधी और आर्थिक रूप से शोषण हुआ ही है। एक तथ्य यह भी है कि चाहे हर देश उनके प्रति सहानुभूति रखे लेकिन बहुत ही कम अपने यहां ऐसा कानून बना पाते हैं, जो पूरी तरह से औरतों के पक्ष में हो। विडंबना यह भी है कि कोई भी सरकार अपने बजट के 5 प्रतिशत से ज्यादा इस काम के लिए व्यय नहीं करती।



**आधुनिक टैक्नोलॉजी के युग में अब वह दौर आ गया है कि महिलाओं को उनके अधिकार मिलने के मामले में कोई बहाना नहीं चलेगा। इस दृष्टि से देखा जाये तो अब यह पहलू भी बहुत मुखर होकर सामने आ रहा है कि यदि बिना बात लड़ने, मारपीट करने और सैक्सुअल हमला करने से पुरुष बाज नहीं आता तो फिर उसके बुरे दिन आने से कोई नहीं रोक सकता।**

## आवाज नहीं तो बचाव कैसा

कहते हैं कि बिना रोए मां भी दूध नहीं पिलाती अर्थात जब कोई बोलता ही नहीं, अपने साथ हो रहे अन्याय के विरोध में स्वर ही नहीं उठते तो फिर किसी को क्या पड़ी है, जो वह तरफदारी करे। प्रमाण यह है कि हर घंटे 5 या अधिक नवजात, अबोध लड़कियों की हत्या हो जाती है और कानों कान खबर नहीं होती। गर्भ गिराने यानी भ्रूण हत्या के आंकड़े तो और भी भयावह हैं।

**पति को परमेश्वर मानने या माता और पिता की आज्ञाकारिणी बनने का उसका स्वभाव बदल रहा है।**

समाज अक्सर लड़के-लड़की के बीच कोई भेद न करने, दोनों को समान समझने और एक जैसे अवसर देने की बात करता है। हम यह नहीं कहते कि वह झूठ कहता है, लेकिन इतना अवश्य है कि सच पर पर्दा डालने का काम करता है। उदाहरण के लिए चाहे लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई हो, उनकी नौकरी या अपने पैरों पर खड़े होने की बात हो, शादी और दहेज का मामला हो, रीति-रिवाज तथा परंपराओं के पालन की जिम्मेदारी हो, पुरुष समाज उन्हें बहकावे में रख कर अपनी बात मनवाने में कभी पीछे नहीं रहता। मानो लड़कों को यह बात उन्हें जन्म लेते ही घुट्टी में पिला दी जाती है कि लड़कियों का परिवार में दूसरा तीसरा दर्जा है, पहला या बराबरी का तो सवाल ही नहीं उठता। जब यह सोच बचपन से ही बन जाती है, तो फिर लड़की चाहे कितनी भी बुद्धिमान हो, जीवन में कुछ बनने या करने की इच्छा रखती हो, मर्जी लड़कों की ही चलती है। और अगर कहीं उसने यह निर्णय कर लिया कि वह जो चाहती है, हासिल कर के ही रहेगी तो फिर उसे न जाने किन किन नामों से पुकारा जाने लगता है जैसे आवारा, बदचलन, नाक कटाने वाली आदि आदि। इस कारण आम तौर से वह हथियार डाल देती है और एक घुटन भरी और नीरस जिंदगी स्वीकार कर लेती है।

## आर्थिक मजबूती ही उपाय है

महिलाओं को शरीर और मन से यदि ताकतवर बनना है तो उसका एक ही तरीका है कि वह रुपये पैसे के लिए किसी पर निर्भर न हों और वह जो भी मेहनत करती हैं उसका उसे फल यानी रुपया मिले, चाहे पिता, भाई और पति ही क्यों न हो। इसका एक उदाहरण पिछले कुछ वर्षों में इस बात की समीक्षा करने से दिया जा सकता है कि जब से महिला के बचत खाते में उसके वेतन या मजदूरी का पैसा पहुंचने लगा है, वह अपने को इस योग्य समझने लगी है कि वह इसे अपनी मर्जी से खर्च कर सकती है। वह करती भी है और पति या परिवार के अन्य सदस्यों को इस मामले में अपने ऊपर हावी नहीं होने देती। यही बात अन्य कामकाजी, नौकरी या अपना कोई व्यवसाय करने वाली महिलाओं पर लागू होती है जो अपनी कमाई पर किसी का हक नहीं समझतीं। यदि जोर-जबरदस्ती की जाती है तो वे अकेले या अलग रहने का फैसला करने में ही अक्लमंदी समझती हैं। आधुनिक टैक्नोलॉजी के युग में अब वह दौर आ गया है कि महिलाओं को उनके अधिकार मिलने के मामले में कोई बहाना नहीं चलेगा। इस दृष्टि से देखा जाये तो अब यह पहलू भी बहुत मुखर होकर सामने आ रहा है कि यदि बिना बात लड़ने, मारपीट करने और सैक्सुअल हमला करने से पुरुष बाज नहीं आता तो फिर उसके बुरे दिन आने से कोई नहीं रोक सकता। सोशल मीडिया के कारण स्त्री अब बेचारगी से ग्रस्त नहीं रहना चाहती, बल्कि मर्दों की मर्दानगी के सामने औरत की औरतानगी से मुकाबला करती है।

पति को परमेश्वर मानने या माता पिता की आज्ञाकारिणी बनने का उसका स्वभाव बदल रहा है। इस समय पुरुषों से अधिक महिलाएं अपने शुरू किये गये स्टार्ट अप या अपना ही ब्रांड बनाने में सफल हो रही हैं। इसका नतीजा यह हो रहा है कि एक तरह की नर और नारी के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का उदय हो रहा है। अब निर्भर या आश्रित रहने की सोच में बदलाव आ रहा है। इस दिन की सार्थकता इसी में है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर मिलें और उनके साथ वेतन, तरक्की और प्रगति करने के मामलों में असमानता का व्यवहार न हो। चाहे इसके लिए कड़े कानून बनें या कोई आंदोलन चलाना पड़े, यह परिवार, समाज और अंततः देश के हित में होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# बाम-ए-आयशा का 17वां वार्षिक समारोह 28 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो आजादनगर ईदगाह मैदान में बाम-ए-आयशा का 17वां वार्षिक समारोह 28 नवंबर आयोजन किया जायेगा। शनिवार को इसकी जानकारी प्रोजेक्ट मैनेजर अली अदनान रजा ने दी। उन्होंने बताया कार्यक्रम सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक चलेगी। इस अवसर पर मुख्य अथिति झारखंड के खेल एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जनाब हफीजुल हसन शिलान्यास समारोह का उद्घाटन करेंगे। उनके साथ ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जनाब हिदायतुल्लाह खान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की मेजबानी चेयरपर्सन जेबा कादरी और प्रोजेक्ट मैनेजर अली अदनान रजा द्वारा की जायेगी। उन्होंने बताया इस अवसर पर दावत-ए-आयशा बाग-ए-आयशा मुफ्त कुरान शिक्षा प्रदान करके बुजुर्ग महिलाओं को सहायता और शिक्षा प्रदान कर रही है। इस समारोह में प्रत्याशियों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह, नात, किरात, स्लोगन, पोस्टर, डिजिटल पोस्टर व मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न वार्षिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच का सामूहिक विवाह 7 दिसंबर को

# 5 जोड़ों की हुई सामूहिक सगाई

**आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बेटियों की शादी पूरे रीति- रिवाज व धूमधाम से होगा संपन्न : विनोद राणा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विनोद राणा नेतृत में प्रत्येक वर्ष के भाती इस वर्ष भी सामूहिक विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। शनिवार को सोनारी भूतनाथ मंदिर परिसर में इसकी जानकारी दी गयी। मौके पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विनोद राणा ने बताया नरेंद्र मोदी विचार मंच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार को आत्मसात कर चलने वाला संगठन है। मंच प्रधानमंत्री के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बेटियों की शादी पूरे रीति- रिवाज व धूमधाम से संपन्न कराती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 7 दिसंबर 2023 को नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 6 कन्याओं का सामूहिक विवाह अनुष्ठान आयोजित करेगी। यह विवाह पूरी हिंदू रीति -रिवाज में संपन्न होगा। विवाह को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री राणा ने बताया शनिवार को 5 जोडी वर-वधू का सामूहिक रूप से सगाई कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसी स्थान पर आगामी 7 दिसंबर को सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित किया गया है। मंच द्वारा वर- वधु के साथ उनके परिवार के अन्य सभी लिए भी कपड़े की व्यवस्था की गयी हैं। विवाह के अवसर पर मंच द्वारा परिवार चलाने के लिए जरूरत की सामग्री भी सगुण के तौर पर दी जाती हैं। इसमें पलंग, गद्दा तकिया, अलमीरा, ड्रेसिंग टेबल, ट्रॉली बैग,सोने का मंगल सूत्र, चांदी का पायल, अंगुठी, वर-वधु के विवाह हेतु कपड़े,जूता सहित अन्य सामान शामिल हैं। विनोद राणा ने कहा नरेंद्र मोदी विचार मंच आगे भी प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित करते रहेगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह, जिला महामंत्री नीतीश राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया ने किया प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधि मंडल 30 सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा से संबंधित खामियों का समाधान के लिए मांग की।

इस मौके पर प्रदेश सचिव हरिनाथ कुमार ने बताया संगठन का यह मानना है कि आजादी के बाद भारत को एक कल्याणकारी देश होना चाहिए।हर नागरिक को उनका अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन आज देश की परिस्थिति उल्टी है। संविधान के विपरीत काम किया जा रहा है। शिक्षा की व्यवस्था में सुधार होने की जरूरत है। पूर्व में जो सरकारी स्कूल खुले थे उसे या तो बंद कर दिया गया या दूसरे स्कूल के साथ मर्ज कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था भी निजीकरण हो रहा है। इसके कारण लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार कई योजनाएं चल रही है लेकिन उनका लाभ ग्रामीण जनता तक नहीं पहुंच पा रही है। केंद्र सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देना चाहिए।

# टाटा स्टील खेल विभाग की सीनियर सिटीजन टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील खेल विभाग के द्वारा आयोजित सीनियर सिटीजन टेबल टेनिस प्रतियोगिता टीटी सेंटर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई। खेल विभाग के द्वारा आयोजित टूनामेंट खेल बिरादरी की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ एक शानदार सफल कार्यक्रम रहा। टूनामेंट में 74 वर्षीय एल एन मित्रा सिंगल और डबल दोनों स्पधाओं में चैंपियन बने। डबल्स में उन्होंने 70 वर्षीय सतवरन सिंह के साथ जोड़ी बनाकर 58 वर्षीय संजय दत्ता और 70 वर्षीय अमर चंद को हराया।सिंगल फाइनल में एल एन मित्रा ने 65 वर्षीय गोकुल कुमार को हराया। सिंगल वर्ग में तीसरा पुरस्कार 58 वर्षीय संजय दत्ता ने जीता।प्रतिभागियों में पूर्व एयर वाइस मार्शल डॉ. सुधीर राय और टाटा स्टील के पूर्व चीफ एथिक्स काउंसिलर तृप्ति रॉय शामिल थीं। राष्ट्रीय स्तर के अंपायर संदीप दास, टीटी सेंटर के कोच अपूर्बा दासगुप्ता ने टूनार्मेंट का संचालन किया।सीनियर सिटीजन फन एंड फिटनेस लीग के बैनर तले आयोजित बैडमिंटन व योग के सफल समापन के बाद यह टेबल टेनिस प्रतियोगिता तीसरी प्रतियोगिता थी। मीट का आयोजन हेड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेन्टर एंड इवेंट मैनेजमेंट विभूति धन्द अडेसरा की देखरेख में मैनेजर स्पोर्ट्स दिनेश रक्षित और पूर्व राष्ट्रीय स्तर के टीटी खिलाड़ी, नीलम कुमारी और अरविंद प्रसाद के सक्रिय सहयोग से किया गया।




# डीएलसी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन

**सामाजिक सेवा संघ और झामुमो नेताओं ने बकाया भुगतान की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर मजदूरों का शहर है। शहर व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ो मजदूर रोजाना परिश्रम कर अपने परिवार का भजन पसंद करते हैं। वहीं मजदूर को उसके नये संगत मजदूरी नहीं मिलना दुर्भाग्य है। वैसे सामाजिक सेवा संघ व झामुमो नेताओं ने मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शनिवार को सामाजिक सेवा संघ और झामुमो नेताओं ने मजदूरों का फाइनल भुगतान की मांग को लेकर टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर बीभीजी कंपनी के खिलाफ डीएमसी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंप कर मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए गुहार लगायी। झामुमो नेता राजेश सामंत ने बताया टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर बीभीजी कंपनी के द्वारा कुछ मजदूरों को 10 साल 9 साल और 8 साल काम कराकर बगैर नोटिस का काम से बैठा दिया। उनको फाइनल भुगतान भी नहीं किया गया।

वहीं झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति ने कहा कि अगर मजदूर को न्याय नहीं मिला, तो टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर बीभीजी के खिलाफ कंपनी गेट पर विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने स्थानीय ठेकेदार और अस्थाई मजदूर को बहाल करने की मांग की। मौके पर मुखिया शिवलाल लोहार,भूपति सरदार, अमित दास, लड्डू सिंह, पिंकी सिंह, राजकुमार महतो, देवेंन सहिस, रोसोराज मंडल सुलोचना लोहरा, रूपा देवी, छोटे सरदार, सूरज मंडल, सुखराम मछुआ और पिंटू कर्मकार सहित अन्य शामिल रहे।

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 30 नवंबर को मेराल आयेंगे सीएम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने 30 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मेराल प्रखंड के पेशक गांव में पहुंचेंगे। इसकी जानकारी जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर ने दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, एसडीओ विजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड निर्माण, कार्यक्रम स्थल, पब्लिक दीर्घा तथा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो, सीओ यशवंत नायक तथा अन्य विभाग के प्रतिनिधियों से एक-एक कर कार्यक्रम की तैयारी के बारे में पूछताछ की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिया। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने डीएसपी तथा पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा के बाद आवश्यक हिदायत दिया। मौके पर मुखिया राम प्रताप साह, वीरेंद्र नाथ तिवारी सहित अन्य कई लोग थे।

## तेज रफ्तार पिकअप ने शादी समारोह को गम में बदला

# धक्का लगने से एक युवक की मौत, पांच लोग घायल

**सदर अस्पताल में इलाज के दौरान विकास की मौत हो गयी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमना।** गढ़वा रमना थाना क्षेत्र से होकर गुजरी एनएच 75 मार्ग मानदोहर गांव में शुक्रवार की रात्री एक तेज रफ्तार पीकअप JH03Q5215 वाहन ने रमना स्थित रा.म.विद्यालय सिलीदाग एक के समीप छह लोगों को टक्कर मार कर मांगलिक कार्यक्रम को गम में बदल दिया। घटना के संबध में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार के शाम करीब साढ़े सात बजें रमना



के विकास कुमार मेहता अभिषेक कुमार आर्यन कुमार सुभम कुमार राहुल कुमार रमना के मंझिगावा निवासी और यूपी के जौनपुर स्थित आवलगंज निवासी सुनील मेहता सभी मानदोहर निवासी नंद कुमार सिंह के पुत्र के तिलक समारोह में भाग लेने पैदल जा रहें थे। जैसे ही लोग समारोह स्थल से कुछ कदम दुर थे, की गढ़वा की ओर जा रही तेज रफ्तार पीकअप सभी को अपने चपेट में ले लिया। धक्का मारने के बाद पिकअप भागने के चक्कर में तेज रफ्तार में टेडी पुलिया के करीब में एक ट्रक को टक्कर मारते हुए नंद कुमार सिंह के घर तिलक चढ़ाने जा रहें स्कार्पियों सवार बराती गाड़ी को टक्कर मारे हुए पुलिया के नीचे गिर गया। लोग कुछ समझ पाते की इसके पहले पीकअप के ड्राईबर और खलासी भागने में सफल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद विकास कुमार व सुनील कुमार को सदर अस्पताल गढवा भेज दिया। वही सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही विकास कुमार की मौत हो गयी। युवक की मौत हो जाने की सूचना के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंच मृत युवक का शव अपने कब्जे में ले अंत परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज शव का अंत परीक्षण कर परिजनो को सौंप दिया।

# गैस की नियमित सब्सिडी पाने के लिए केवाइसी अनिवार्य: अंगद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के डीलरशिप केतार के बांग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर अंगद कुमार ने अपने सभी उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया है कि उनको सरकार द्वारा दिये जा रहे सब्सिडी का लाभ लेने के लिए एक बार बायोमेट्रिक प्रमाणिक प्रकिया ई-केवाईसी से गुजरना होगा। उन्होंने बताया की इसमें सभी उपभोक्ताओं को बंग्लामुखी भारत गैस ऐजेंसी के कार्यालय या उनके द्वारा लगाये जाने वाले शिविरों में अपना बायोमेट्रिक करना होगा। जिससे उनको सब्सिडी का लाभ नियमित रूप से मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य शुक्रवार से प्रारंभ कर दी गई है। सभी उपभोक्ता अपना बायोमेट्रिक कराकर इसका नियमित लाभ उठाये। इसके लिए उनको किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना है। वहीं उज्जवला योजना के तहत छुटे हुए लाभुक ई-केवाईसी कराकर इसका लाभ ले सकते हैं।

# रामगढ़ की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली: निशांत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि रामगढ़ की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां सभी धर्म और संप्रदाय के लोग पल्लवित हो रहे हैं, ऐसे में संप्रदाय विशेष के उदंड युवकों के द्वारा हिन्दु छात्राओं पर धर्म विशेष के नारे लगाने के लिए दबाव देना और विरोध करने पर मारपीट करना सर्वथा निंदनीय है। इस घटना ने पूरे झारखंड राज्य के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ जहां हम महिला सुरक्षा, बालिका शिक्षा और सामानता जैसे विषयों पर बल दे रहे हैं, वहीं सड़क छाप गुंडो के द्वारा घर की बहू बेटियों और समाज के आबरू को तार-तार किया जा रहा है। जहां छात्र-छात्राओं को विद्यालय के अंदर पेन पकड़ना चाहिए, उस समय छात्राएं थाना परिसर में अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करते हुए नजर आ रही हैं। पहले ही सरकार के द्वारा वोट बैंक के कारण प्रदेश मे छात्रों के ड्रेस और विद्यालय के रंग में परिवर्तन किया गया है। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड सरकार से मांग करती है कि उद्दंड सड़क छाप गुंडो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और पूरे राज्य में ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जिससे कि भविष्य में किसी भी महिला अथवा छात्रा के साथ इस तरह का कृत्य दोबारा ना हो। सरकार यथाशीघ्र इस पर दंडात्मक कार्यवाही करे, सभी सड़क छाप उद्दंड अपराधियों को सलाखों के पीछे डाले, अन्यथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे राज्य में चरण बंद आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# भंडरिया में दो महिलाएं और माओवादी दस्ते का सदस्य गिरफ्तार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडारिया।** भंडरिया थाना अंतर्गत मदगढ़ी क पंचायत के रमर गांव के बहराखड़ टोला से भंडरिया थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा ने एक एसआईटी गठन कर छापामारी विशेष अभियान चलाकर फरार माओवादी के सक्रिय सदस्य अखिलेश कोरवा उर्फ अमलेश कोरवा उम्र करीब 26 बर्ष पिता बुहावन कोरवा तथा दूसरा अभियुक्त अनीता कोरवा उर्फ असीमित कोरवा पति अखिलेश कोरवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उक्त गिरफ्तार अभियुक्त माओवादी दस्त संग मिलकर पुलिस के सर्च अभियान में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के नियत से बम लगाने और बहराखाड गांव निवासी बच्चू सिंह व भरत सिंह को पुलिस मुखबिर कहकर जान से मार देने के नियत से मारपीट करने और जान से मरने के नियत से उनके साथ मारपीट करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार उक्त दोनों गिरफ्तार अभियुक्त माओवादी के सक्रिय सदस्य अखिलेश उर्फ अमलेश कोरवा तथा अनीता कोरवा उर्फ असिमता कोरवा को देर शाम बहेरखाड़ के जंगल से गिरफ्तार किया गया है।

दोनों कुछ दिनों से फरार चल रहे थे। इस मौके पर भंडरिया थाना के एस आई रंजीत कुमार महतो ,एस आई संजय कुमार, राहुल कुमार सहित कई पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

# भाजपा के कई दिग्गज नेता होंगे कार्यक्रम में शामिल : ओमप्रकाश

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख लोगों के बीच बैठक आहूत की गयी। मौके पर केसरी ने कहा कि भाजपा अपने सभी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देते रहती है और समाज के प्रति अपनी जवाब देही को याद दिलाते रहती है इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश के निदेर्शानुसार ब्लॉक प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 नवंबर 2023 दिन सोमवार को जिला कार्यालय गढ़वा में सुबह 9:00 बजे से आयोजित कि जायेगी इसमें प्रदेश के पदाधिकारी ब्लॉक प्रमुख और

## भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला 29 को



पंचायत समिति सदस्यों का कार्यशाला लेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल में मंडल पालक की घोषणा की गयी है। और केसरी जी ने मंडल पालकों से अनुरोध किया है की सभी मंडल पालक अपने मंडल के पंचायत समिति सदस्य को साथ लेकर ससमय जिला कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम समारोप सह उद्घाटन भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी गढ़वा पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय प्रदेश कर्यसमिति सदस्य गिरीनाथ सिंह कार्यक्रम जिला प्रभारी रघुराज पांडेय और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी मौजूद रहेंगे। और प्रशिक्षन देने हेतु प्रशिक्षक मनोज कुमार सिंह प्रमुख जवाहर पासवान। पूर्व प्रदेश महामंत्री कार्यक्रम संयोजक राजीव रंजन तिवारी जिला उपाध्यक्ष और प्रमुख लोग रहेंगे।

आज के इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी हरेंद्र दुबे जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी जिला कार्य समिति सदस्य मुरारी यादव एससी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम नवीन जायसवाल लक्ष्मीकांत पांडेय और विकास तिवारी और अन्य मौजूद थे।

# योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य : बीडीओ

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**विशुनपुरा।** प्रखंड के पतिहारी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कड़ी में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेटा, अंचलाधिकारी निधि रजवार, मुखिया राबेया फिरदौसी जीप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा, सीआरपी महेंद्र गुप्ता आयोजित कार्यक्रम में पहुंच सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं प्रखंड विकाश



पदाधिकारी मौजूद लोगों से अपील की अपने पंचायत में आहूत कार्यक्रम में जुड़कर सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। वहीं जीप सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि जेसएलपीएस बीपीएम के द्वारा प्रखंड के नये छः महिला समूह के लाभुकों के बीच नव लाख का सीसीएल बैंक क्रेडिट चेक दिया गया।

# वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना प्रभारी गणेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में वाहन चेकिंग में बिना हेलमेट पकड़े गये 50 दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लाने व आइंदा हेलमेट पहने वाहन चलाने की शपथ के बाद छोड़ा गया। बता दें कि भवनाथपुर थाना पुलिस द्वारा शनिवार को भवनाथपुर में सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान चेकिंग किया गया, जिसमें करीब 50 दो पहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पकड़ा गया। सभी के द्वारा हेलमेट लाने पश्चात आइंदा बिना हेलमेट नही चलाने क चेतावनी के बाद छोड़ा गया।

# ऐतिहासिक होगा कन्या विवाह और विकास सोसाइटी का कार्यक्रम: विकास माली

## 151 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा अभियान चलाकर दहेज प्रथा और बाल विवाह रोकने का कार्य किया गया हैं। जिसमें गत 6 दिसंबर को कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा 151 बेटियों का हाथ पीला कराया जायेगा। विकास कुमार माली ने कहा कि आगामी 6 दिसंबर को टाउन हॉल के मैदान से सामूहिक रूप से बारात निकाली जायेगी। बारात रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचेगी उसके बाद मझिआंव मोड़, सोनपुरवा मोहल्ला होते हुए स्टूडेंट क्लब छठ घाट के पास सामूहिक विवाह मंडप में पहुंचेगी। कन्या विवाह एंड विकाश सोसाइटी के सचिव विकास माली ने बताया कि बेटियों की डोली उत्सर्व गार्डन से निकाली जायेगी। उत्सर्व गार्डन से निकलकर रंका मोड़ होते हुए स्टूडेंट क्लब के पास विवाह मंडल में पहुंचेगी।

## 16 वीं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# धनबाद ने रामगढ़ की टीम को 2-0 से पराजित किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में 16 वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल 14 प्रतिगोगिता आयोजित किए गये। प्रथम मैच का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जाए जबकि दूसरे मैच का उद्घाटन ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। धनबाद और रामगढ़ के बीच खेले गए मैच में धनबाद की टीम 2-0 से विजय रही। लोहरदगा बनान दुमका के बीच खेले गये मैच में लोहरदगा 2-0 से विजय रहा। इसी तरह लातेहार बनाम गोड्डा के बीच खेले गए मैच में गोड्डा 2-1 से विजय रही। पलामू बनाम पाकुड़ के मैच में पलामू 2-0 से विजय रहा। जबकि गुमला बनाम देवघर के बीच मैच में देवघर 2-0 से विजय रहा। कोडरमा बनाम पुर्वी सिंहभूम के बीच खेले गये मैच में पूर्वी सिंहभूम की टीम 2-0 विजयी रही। धनबाद बनाम सरायकेला के बीच खेले के मैच में धनबाद 2-0 से विजई रहा। रांची बनाम चतरा के बीच खेले गये मैच में रांची 2-0 से विजय रही। बोकारो बनाम गढ़वा के बीच खेले गये मैच में गढ़वा 2-1 से विजई रही। हजारीबाग बनाम लोहरदगा के बीच खेले गये मैच में हजारीबाग 2-0 से विजय रही।

जबकि रामगढ़ बनाम गोड्डा के बीच खेलेंगे मैच में गोड्डा 2-0 से विजय रही। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के द्वारा सभी अतिथियों को टोपी पहना कर सम्मानित किया गया। आज बालिका वर्ग के सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। जिसमे गोड्डा बनाम गुमला तथा रामगढ़ के बनाम पंचमी सिंहभूम के बीच मैच आयोजित किया जायेगा। इन दोनों टीमों के बीच से जो टीम जीत कर आयेंगी उनके बीच फाइनल मैच खेला जायेगा।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# आज के बच्चों के कंधे पर ही टिका है देश का भविष्य : अलखनाथ पांडेय



**आजाद सिपाही सवांददाता**

**मझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि और ज्युरी मेंबर्स के रूप में मुखदेव हाई स्कूल की प्राचार्य समिता देवी, राम करेशराम, ओम प्रकाश गुप्ता, विजय चौबे, धनंजय तिवारी सहित अन्य अतिथि गण और अभिभावक गण के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गयी। निदेशक और उपस्थित गणमान्य लोगों ने आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहर लाल नेहरु, मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और विज्ञान प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन और अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के द्वारा एफए 3 कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के परीक्षा का फल प्रकाशित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने अपने स्कूल के उत्तरोतर विकास और उपलब्धि की चर्चा करते हुए अभिभावकों से स्कूल द्वारा दिए गये दिशानिर्देशों पर ध्यान देने की बात कही। कहा कि विज्ञान जीवन का आधार है। विज्ञान के बिना जीवन संभव नहीं है। स्कूल के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूक और रुचि बढ़ाने व युवा वैज्ञानिक के रूप में प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थापना काल से ही 14नवंबर के दिन बाल दिवस सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल देश के भविष्य बनेंगे जिनके कंधों पर देश और समाज का भविष्य निर्भर होगा। स्कूल का हमेशा से यही प्रयास रहा है कि सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है बच्चों के द्वारा लगाया गया विज्ञान प्रदर्शनी बहुत ही सुंदर है। विद्यालय के सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यही बच्चे आगे चलकर विज्ञान को और आगे ले जाएंगे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

(लापता सुषमा कुमारी, उम्र करीब–18 वर्ष)



रंका थाना कांड सं0–174/2023 दिनांक–23.10.2023, धारा–363/34 भा0द0वि0 में लापता सुषमा कुमारी, उम्र–18 वर्ष, पे0–अकलू सिंह, सा0–कितासोती थाना+जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड की रहने वालें है। जो लापता है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता सुषमा कुमारी, उम्र 18 वर्ष, पे0–अकलू सिंह, सा0–कितासोती थाना+जिला–गढवा, का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– सुषमा कुमारी रंग– सावला,
पहनावा–गुलाबी रंग का सलवार सूट
कद– करीब 5 फीट मो0न0–8580273405

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 312049 (Police) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-11/2023-24

पत्रांक:– 798 हुसैनाबाद, दिनांक:– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ताली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 86,49,679=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.12. 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651&2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 312057 Minor Irrigation(23-24).D

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत उकामाड के बाद दूसरे दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पोखरी कला पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहाँ इस कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी सह परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के साथ साथ जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया नीतू देवी सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सरदार अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद अंचल उप निरीक्षक सुरेश राम समेत कई लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम को लेकर जहां प्रखंड प्रशासन की ओर से डेढ़ दर्जन से अधिक विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिसमें मुख्य रूप से आबुआ आवास योजना को लेकर ग्रामीणों की भीड़ और उत्साह देखा। वहीं इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, आपूर्ति विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, बिजलीं समेत अन्य विभागों के स्टाल में भी देखी गई। जहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ की जानकारी संबंधित विभाग के द्वारा ग्रामीणों को दिए गए।

# सभी सरकारी योजनाएं जनता के लिए समर्पित: बैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार चंदवा प्रखंड के सेरक पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने कहा कि सरकार सभी छूटे हुये व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही



है। उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया तथा उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु शिविर में आवेदन जमा करने की अपील किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से 05 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 05 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 01 लाभुक का जमीन सुधार रसीद, मनरेगा से 100 लाभुको का आई कार्ड बनाया गया व 10 लाभुकों को जॉब कार्ड वितरित , 10 लाभुको के बीच धोती-साड़ी, 18 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता उदय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदवा एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

# जागरूकता रथ को डीसी-एसपी ने किया रवाना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा की ओर से चलाये जा रहे जागरूकता रथ को नगर भवन, लोहरदगा परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ के जरिये दिनांक 26.12.2023 तक जिला के सभी प्रखण्डों के 66 पंचायतों में आयोजित होनेवाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर की तिथि व स्थान समेत योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

# बाल शोषण के खिलाफ होटल संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बाल एवं किशोर श्रमिक प्रतिषेद अधिनियम के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र में श्रम अधीक्षक द्वारा सघन छपेमारी अभियान के दौरान रोमित ढाबा में किशोर से बाल मजदूरी कराते हुए पकड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी सीमावर्ती में संचालित होटल एवं अन्य व्यवसायिक संस्था में श्रम अधीक्षक सह निरीक्षक दिनेश भगत द्वारा टीम के साथ बाल मजदूरी के विरुद्ध सघन छपेमारी अभियान चलाते हुए एक होटल संचालक को नाबालिग से कार्य करवाते हुए पकड़ा गया। बाल शोषण अधिनियम के तहत नाबालिग से होटल संचालक हीरालाल साहू द्वारा होटल में कार्य कराया जा रहा था। उसी दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच किया गया और पुष्टि होने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत होटल संचालक हीरालाल साहू के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ कर दिया गया।

# डालसा का विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में डालसा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चन्दन कुमार, डालसा के पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव बीडीओ तथा सीओ द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। डालसा द्वारा आयोजित विधिक जागरुक्ता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी प्रक्रिया के तहत अपने हक अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।डालसा के पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र दे० ने वाद पूर्ण समझौता के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए। बताया कि डायन बिसाही उत्पीड़न मामला, धोखाघड़ी मामला, दहेज उत्पीड़न मामला, परिवारिक विवाद सहित अन्य मामलों का निपटारा मध्यस्था के माध्यम से कराया जाता है। साथ



ही कहा कि गरीब व्यक्तियों को मुफ्त में कानूनी सलाह देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के लिये अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। जिसे न्यायिक प्रक्रिया सुलभ हो। वही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चन्दन कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 39 के तहत सभी महिला पुरुष को समान अधिकार प्राप्त है। अनुच्छेद 21 ए के तहत शिक्षा के विषय मे बताया गया। डालसा के माध्यम से असहाय गरीब वर्ग के ग्रामीणो को न्याय दिलाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में डायन बिसाही, जमीन सम्बन्धी विवाद, दहेज उत्पीन मामला, धोखाघड़ी, यौन शोषण मामले में कोर्ट का चक्कर लगाने से लोगो को काफी परेशानी होती है। साथ ही कहा कि किन्ही व्यक्तियों को कोई परेशानी हो तो आवेदन देते हुए लिखित शिकायत दर्ज करायें जिसे पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय मिल सके। साथ ही छात्रओं को सावित्री बाई फुले योजना के माध्यम से सहायता राशि एवं महिला समूह के बीच तथा आवास योजना के लाभुकों परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, पीएलभी पुनु देवी, प्रियांशु यादव के अलावे सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सहायक अध्यापक संघ की कमेटी का गठन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के आकलन सफल व प्रशिक्षित सहायक अध्यापको ने एक बैठक कर प्रखंड कमेटी का गठन किया है। प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटाड शिक्षक महबूब आलम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुरानी एकीकृत संघ के कमेटी को भंग करते हुए नए कमेटी का गठन किया गया।जिसमें मोहम्मद शकील खान प्रखंड अध्यक्ष, संजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह सचिव, विजय यादव संयोजक, सुषमा मिंज, आलोक कुमार उपाध्यक्ष, मोहम्मद नौशाद अंसारी अप सचिव, अनुज कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष, डिलेश कुमार यादव उपकोषाध्यक्ष, अजीत कुमार सिंहा उर्फ गुड्डू मीडिया प्रभारी, दिलीप तिवारी संगठन प्रवक्ता मनोनीत किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में एक दर्जन से अधिक सदस्यों को रखा गया।

# कलश यात्रा के साथ श्री हरि नाम रसमृत महोत्सव आरंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रामपुर गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री हरि नाम रसमृत महोत्सव आरंभ हुआ। हजारों महिलाओं की सहभागिता में भक्सो ग्राम स्थित शंख एवं कोयल नदी के संगम तट से पवित्र जल को अति प्राचीन उमानाथ मंदिर से रामपुर ग्राम तक लगभग 7 किलोमीटर की लंबी यात्रा कर-के लाया गया। कलश यात्रा में यज्ञ आचार्य पंडित विभाकर पाठक, प्रणव पाठक , दिवाकर पाठक महाराज जी के द्वारा वैदिक मंत्र कर के साथ वरुण देवता का आह्वान कर जल उठाया गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान कृष्णा चौधरी सपत्नीक के द्वारा अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं रांची की महापौर आशा लकड़ा के द्वारा भी मुख्य कलश में जल भरकर



यज्ञ स्थल तक लाया गया। यज्ञ स्थल में पंचांग पूजन वेदी पूजन एवं सर्वतो भद्र मंडल सोडस मातृका नवग्रह देवता सप्त घृत मातृका आदि देव देवियों का सविधि पूजन कर 72 घंटे के लिए अखंड हरी नाम संकीर्तन हरे राम हरे राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का नृत्य वाद्य संगीत के साथ रामपुर कीर्तन महिला मंडली के द्वारा प्रारंभ किया गया। महोत्सव का समापन दिनांक 28 नवबर 2023 मंगलवार को 2:30 बजे पूणार्हुति हवन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा।

# शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षक अशोक भगत, अवधेश यादव तथा सूर्यकांत भगत के द्वारा गणित में टीएम का उपयोग, संख्या ज्ञान सीखने का प्रतिफल, गणित सीखने में बच्चों का आकलन, हमारी कक्षा कैसी हो, लिखित तथा समृद्ध माहौल के माध्यम से बच्चों का शिक्षण गतिविधि किस प्रकार किया जा सकता है। उस पर समझ बनाने के कार्य में प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तारपूर्वक उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को जानकारी दिया गया तथा प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से पठन पाठन कार्य के संदर्भ में प्रश्नोत्तर किया गया। मौके पर प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन सिनी टाटा ट्रस्टस के सहयोगकर्ता तरुण कुमार, सीमा श्वेता टोपनो, गणेश कुमार लाल, गंगा उराँव, चाँदनी शाहदेव, अनवर अंसारी, प्रतिमा कुमारी, परमेश्वर कुमार महतो, सुमिता टोप्पो, बालाकृष्णा सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# गजनी पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गजनी पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भूमि उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उंराव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड 20 शुत्री अध्यक्ष अनीस अहमद खान, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, मुखिया सुमन उंराव सहित मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन देने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देते हुए कहा कि युवाओं को वित्तीय मदद उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत 50 हजार रुपए तक के लोन के लिए किसी भी गारंटर की जरूरत नहीं है। मौके पर अंचल अधिकारी, प्रवीण भारती अधिवक्ता जिला अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार अंचल अधिकारी कमलेश उरांव ब्लॉक कृषि पदाधिकारी किशोर उंराव थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष बुधवा उरांव कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष रशीद अंसारी मोजहिर अंसारी आदि हजारों ग्रामीण जनता मौजूद थे ।

# डीसी ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने कुडू प्रखण्ड के चिरी पंचायत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर हो रही आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, पार्किंग, परिसंपत्तियों का वितरण समेत अन्य बिंदुओं का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये। उपायुक्त द्वारा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया हिंदू उच्च विद्यालय और बीएस कॉलेज मैदान का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिए गए।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिनांक 28.11.2023 को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, संबंधित अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मनिका/ लातेहार(आजाद सिपाही) ।** थाना क्षेत्र शुक्रवार की संध्या 8:00 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत। युवक की पहचान बगडेगवा निवासी आशीष कुमार यादव 28 वर्ष पिता बनोधी यादव के रूप में हुई। सड़क दुर्घटना मटलौंग रोड औराटाड़ मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना से मौत हो गई। आशीष कुमार यादव मटलौंग से मनिका की और आ रहा था। तभी विपरीत दिशा की और से आ रही अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना घटी। वहीं घटना की सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

# सतचंडी मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड के बालु पंचायत मे विगत कई बर्षो से सोहराय पर्व के बाद लगने वाले तीन दिवसीय संतचंडी मेला मे शुक्रवार रात्रि मेला पुजा समिति द्वारा आयोजित ठेट नागपुर सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंची प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने विधिवत फिता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मेले मे लोहरदगा से आए स्टार ग्रुप के सीता देवी एंव उनके कलाकारों ने एक से बढ़कर एक ठेट नागपुरी गाने से लोगों का मनमोह लिया । कार्यक्रम मे आए सभी ग्रामीणों को ममता देवी ने गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे मेले



जतरा लगने से हमारी सांस्कृतिक को बढ़ावा मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों आम ग्रामिणो मे खुशी मिलती है। तथा पुजा समिति के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे इस तरह कार्यक्रम आयोजित करने से हमारी प्रचीन सांस्कृतिक को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पुजा समिति के अध्यक्ष लालदेव गंझू सचिव माधो सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रजापति , युवा कर्मठ समाजसेवी राकेश सिंह, केदार सिंह, लालजी उरांव, अशोक प्रसाद साहु समेत तमाम आयोजन समिति के सदस्यों का काफी योगदान रहा है। ममता देवी के बताया की सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन से लोगों को काफी चीजों का अनुभव होता है और अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करने का मौका मिलती है । उन्होंने आयोजन करने वाली समिति को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

# हाइवा ओनर्स एसोसिएशन का बेमियादी धरना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ ।** धरना स्थल पहुंचे लातेहार जेएमएम विधायक बैजनाथ राम ने कहा की मै मामले से अन्भिग्य हूं । स्थानिय हाईवा एसोसिएशन और अम्बे कम्पनी के बीच क्या मामला है। जानने के बाद ही कोई बात किया जा सकता है। लातेहार जिला प्रशासन की राय भी जानने की जरूरत है। जिसका लातेहार जिला जेएमएम अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव भी समर्थन किया। जिससे धरना स्थल पर बैठे स्थानिय हाईवा ट्रक एसोसिएशन के लोग सकते मे है।

कहा जाता है कि लिखतम के आगे बकतम नहीं चलती।



जब लिखतम पर भी लोग अमल नही करें और अपनी लिखित बातों पर भी इनकार चले जायें या बात नहीं माने तो उसके बाद क्या किया जाये। मामला कोयला खदानों में लातेहार जिले के हाइवा वाहनों को प्राथमिकता देने और तुबेद कोयला खदान से बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित कुशमाही रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन करने से संबंधित है। इसी मांग को लेकर हाइवा ओनर एसोसिएशन ने दो नवंबर को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद लातेहार एसडीएम परवेज आलम और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के प्रतिनिधि से दूरभाष पर बात कर बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो और अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर के सामने लिखित आश्वासन देते हुए 9 नवंबर को हाइवा ओनर्स एसोसिएशन से वार्ता करने पर सहमति बनी थी। जिसके बाद चक्का जाम वापस ले लिया गया था।

कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस समस्या के समाधान के लिए 15 दिन की समय सीमा तय की थी, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसपोर्ट कंपनी ने हाइवा ओनर एसोसिएशन की मांगों पर अमल नहीं किया। इसे देखते हुए जिला हाइवा ओनर एसोसिएशन ने बैठक कर अगले 25 नवंबर दिन शनिवार से फिर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने का ऐलान किया गया था। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला सचिव मो. शाहनवाज आलम व जिला कोषाध्यक्ष देवपाल प्रसाद ने कहा था कि कंपनी अपनी मनमानी पर अड़ी है। यहां उल्लेखनीय है कि लातेहार हाइवा ओनर एसोसिएशन पूरे लातेहार जिले के वाहनों के हित में बात कर रहा है। वहीं जिला प्रशासन को छोड़ कर अन्य जन प्रतिनिधि उनकी बात सुनना तो दूर संज्ञान लेने से भी कतरा रहे हैं।

# मोटरसाइकिल सवार ने दो छात्राओं को मारी टक्कर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेंचा में कोचिंग से वापस साईकिल से अपने घर जा रही दो छात्रा को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम छेंचा ग्राम की कोमल कुमारी व दीपिका कुमारी पंचायत भवन के नजदीक निजी शिक्षक से कोचिंग कर अपने नजदीक के घर मुख्य सड़क पार कर साइकिल से अपनी घर जा रही थी। इसी बीच मुख्य सड़क से गुजर रहे एक मोटरसाइकिल सवारने दोनों छात्रों की साइकिल में जोरदार से टक्कर मार दी।

# मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर और मासिक लोक अदालत का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा लोहरदगा के सभी सातों ब्लॉक में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1,86,877 लाभुकों के बीच एक करोड़ बत्तीस लाख नौ हजार एक सौ तैंतालीस रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया । मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर हेतु कुल सात टीमों का गठन किया गया था । मुख्य कार्यक्रम नगर भवन स्थित नगर सभागार में आयोजित किया गया । जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान जज, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा एवं राजेश कुमार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा उपस्थित रहे । जबकि किस्को प्रखंड हेतु वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सेन्हा प्रखंड हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंदन, भंडरा प्रखंड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण, कुडू प्रखंड हेतु प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, पेसरार प्रखंड हेतु मध्यस्थ अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा एवं सुदामा साहू तथा कैरो प्रखंड के लिए मध्यस्थ अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती को नियुक्त किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## दो ट्रकों की टक्कर बचा चालक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बायपास रोड उर्मी चौराहा के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से लोहा लदा ट्रक ने टक्कर मार दिया। घटना में ट्रक चालक को हल्की चोट लगी।वही ट्रक का पूरा लोहा सड़क पर ही बिखर गया और ट्रक आधा पलट गया। घटना शुक्रवार की रात 3 बजे की है। शनिवार की सुबह घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गई। गुमला थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर चालक को थाना ले आए। इसके बाद कागजी कार्रवाई के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया।

## ऑटो से गिर कर एक गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिमडेगा नेशनल हाईवे में गणेशपुर डीपा के समीप चलती ऑटो से गिरने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ऑटो चालक उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई। घटना की सूचना लोगों ने गुमला थाना को दी। गुमला थाना की पेट्रोलिंग पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति बेहोशी की हालत में है इसलिए उसका नाम पता नहीं चल पाया है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया है।

## रक्तदान जीवन बचाने का सबसे सरल माध्यम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव सदस्य गौतम सिंह और प्रकाश तिर्की के द्वारा सदर अस्पताल में एडमिट बुजुर्ग महिला को बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया गया। प्रकाश ने कहा कि किसी अनजान की मदद करने से दिल को सुकून मिलता है और लगता है कि हमारे जीवन का मूलभूत उद्देश्य पूरा हो रहा है। किसी के चेहरे की मुस्कान आपके जीवन का महत्वपूर्ण पल होता है। मिशन बदलाव सदस्य गौतम सिंह और प्रकाश तिर्की ने बताया कि हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी जाति सभी धर्मों के लोंगो की सेवा करना है।

## पीड़ित बच्ची को भेजा गया रिम्स

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही ने नाबालिक 9 वर्षीय बच्चो से दुष्कर्म के बाद जान से मारने का प्रवास से संबन्धित खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद उक्त मामले के मुख्य आरोपी को गिरफतार कर उसके विरुद्ध कानूनी कारवाई की गई। पीड़ित का उपचार बसिया के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा था,लेकिन अब पीड़िता को बेहतर उपचार हेतु सीडब्ल्यूसी एवं प्रशासन के सहयोग से रांची रिम्स ले जाया गया। वहीं दूसरी ओर इस मामले की प्राथमिकी 23 नवम्बर को बसिया थाना में दर्ज की गई। पुलिस आरोपी नाबालिक को पुलिस हिरासत में लेते हुए न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है।

### उपायुक्त ने किया 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का निरीक्षण

# कर्ज लेकर रोजगार शुरू करें और आत्मनिर्भर बनें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिले में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दूसरे दिन भरनो प्रखंड के आताकोरा पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे। साथ ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी कर्ण सत्यार्थी, प्रमुख पारसनाथ उराँव,बीडीओ अरुण कुमार सिंह और सीओ अविनाश कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया।

**उपायुक्त ने किया परिसंपत्ति का वितरण :** इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्ति का वितरण किया। जिसमें सामाजिक सुरक्षा विभाग के 10 लाभुक को वृद्धा पेंशन,40 वृद्ध लोगों को कंबल,जेएसएलपीएस से 3 महिला समूहों को 6-6लाख रुपये का ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 1 लाभुक को 2 लाख रुपये की बीमा क्लेम की राशि,शिक्षा विभाग के 1 मानसिक रूप से कमजोर बच्चे को टीएलएम कीट,कल्याण विभाग से 10 छात्राओं को 4500 रु साइकिल की राशि, मनरेगा से 4 लाभुक को आम बागवानी सहित बाल विकास से छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना ,मनरेगा से मजदूरों को जॉब कार्ड,किसानों को पौधा वितरण किया ।साथ ही 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 2 शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया।इसके बाद उपायुक्त ने सभी विभागों के स्टॉल्स का भ्रमण किया एवं उपस्थिति कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**वृद्ध महिलाओं से की उपायुक्त ने मुल्कात :** इसके अलावा उन्होंने उपस्थित वृद्ध महिलाओ की समस्या भी सुनी और बीडीओ भरनो को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वृद्धों को उचित सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने समूह की महिलाओ से कहा कि ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू करें और आत्मनिर्भर बने।

**रायडीह पहुंचे उप विकास आयुक्त, परिसंपत्तियों का किया वितरण:** रायडीह के कांसीर पंचायत में उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने शिविर का निरीक्षण कर लाभुको के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया । प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत में अंचल विभाग में आय प्रमाण पत्र आवेदन 9, आवासीय प्रमाण पत्र 1,ऑनलाइन लगान 4, बन्दों बस्ती 1, ऑनलाइन सुधार 2, आपूर्ति विभाग नया राशनकार्ड एवं नाम जोड़ने का कुल 65 आवेदन,वन विभाग में कुल 122 लाभूक के बीच 700 पौधा का वितरण, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन स्वीकृत 12,नया आवेदन 18, महिला एवं बाल विकास विभाग प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना प्रथम 5, द्वितीय 2, आयुष विभाग जांच 52, स्वास्थ्य विभाग जांच 105,टी.बी जांच 53,कुष्ट जांच 9, लोगों का अबुआ आवास 368 के तहत आवेदन प्राप्त हुए, कम्बल वितरित 120 , उज्जवल योजना 12,कृषि एवं सहकारिता विभाग सरसों बीज 5 लाभूक, केसीसी 10 , पशुपालन विभाग में 40 लोगों को दवा दिया गया, आयुष्मान कार्ड 23 रजिस्ट्रेशन, मनरेगा विभाग नया जाब कार्ड स्वीकृत 25,नया आवेदन 21, बागवानी 2,गाय सेड 3,कूप 11,रेनिवल 6 , उधोग विभाग पी एम जी पी 3,पी एफ एम मी 2, कल्याण विभाग द्वारा 5 लाभुकोक के बीच साईकिल वितरण किया गया एवं 40 नए आवेदनों को स्वीकृति दी गई।

## हादसे में दो जल सहिया की मौत की जांच की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बिगत दिनों कुरूमगढ़ में टेंपो एवं बस के भिड़ंत में तीन लोगों की जान चली गई थी ।बस गुमला नगर पालिका की थी ।सवाल उठता है की नगर पालिका के अंदर में चलने वाली बस बिना परमिट बिना कागजात का किस पदाधिकारी के निर्देश पर कुरूमगढ रूट में चलने का परमिशन दिया गया ।मामला गंभीर है ,दो जलसहिया जो मृत हो चुके हैं ,उनके आश्रित को सरकारी नौकरी दिया जाए ।साथ ही सभी घायलों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही साथ गैर जिम्मेदाराना पदाधिकारी जिनके निर्देश पर नगर पालिका के बाहर क्षेत्र में गाड़ी चलाई जा रही थी वैसे गैर जिम्मेदाराना पदाधिकारी के ऊपर 302 का मुकदमा दायर करने की आवश्यकता है । कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य हंदू भगत ने कहा है मृतक परिवारों में मृत्यु संस्कार के पश्चात ग्रामीणों का बैठक किया जाएगा और संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी के खिलाफ मृतक परिवार जन को लाभ दिलाने के लिए जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा।

## सब जूनियर झांरखंड राज्यस्तरीय



## नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**घाघरा( आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल मैदान में शनिवार को 8वीं सब जूनियर झांरखण्ड राज्यस्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगान किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिवा देवी, पूर्व मुखिया गीता कुमारी, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान सचिव अनिरुद्ध चौबे व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।इस क्रम में अतिथियो द्वारा टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। डेमो मैच साहिबगंज बनाम रांची के बीच खेला गया। नेटबाल प्रतियोगिता में झांरखण्ड के 16 जिलों से बच्चे बच्चियों की टीमो ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है पढ़ाई के साथ-साथ खेल से शारीरिक बौद्धिक बिकास होता है। वही झारखंड नेटबॉल के महासचिव भूपेंद्र नाथ राम ने बताया की यह प्रतियोगिता 3 दिनों तक चलेगी जो भी बच्चे बच्चियां इस प्रतियोगिता में बेहतर करेंगे उन्हें चयनित कर गोड्डा में होने वाले नेशनल टीम में शामिल किया जाएगा।

## अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर के बारे में चर्चा

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मंदिर में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमे अयोध्या में बन रहे में श्री राम मंदिर के बारे चर्चा किया गया जो कि 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन में सभी राम भक्तो को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण देने का निर्णय हुवा जिसमे श्री राम मंदिर का चित्र एवं फूल अक्षत के द्वारा

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 29 और 30 नवंबर को होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सुदूर इलाके के जनजातीय बहुल क्षेत्र में अवस्थित कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में 29 व 30 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का विषय एथेनोबॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी एवं मल्टीडीपीपिनरी रिसर्च रखा गया है। इस कांफ्रेंस में देश के 15 राज्यों से लगभग 300 से अधिक वैज्ञानिक एवं प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा कनाडा, चीन और श्रीलंका के वैज्ञानिक भी सम्मिलित होंगे। देश के प्रसिद्ध संस्थान जैसे सीएफटीआरआई मैसूर, एनबीआरआई लखनऊ, नीरी नागपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, उत्तराखंड, दिल्ली उड़ीसा, झारखंड आदि के भी वैज्ञानिक इस मौके पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय हो कि इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन के ओ कॉलेज गुमला के आइक्यूएसी एवं नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च रांची के द्वारा किया जा रहा है।

## डाइर मेला के नाम पर समय से पहले बंद किया स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कामता को डाइर मेला के नाम पर समय पूर्व बन्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को 1 बजे स्कूल के गेट में ताला जड़ा हुआ था और शिक्षक समेत सभी छात्र अनुपस्थित थे।

इस संबंध में पूछे जाने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक हरखनाथ साहू ने बताया कि आज गांव में डाइर मेला लगा हुआ है जिसके कारण बच्चो को मध्याह्न भोजन खिलाकर छुट्टी कर दिया गया। प्रधानाध्यापक से यह पूछे जाने पर की स्कूल बंद होने का समय तो 3 बजे तक है तब उन्होंने कहा कि हमलोग तीन बजे ठेपा( अंगूठा) लगा देते है। इस संबंध में कामडारा के बीईईओ सुरेंद्र प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अरे आज मेला में बच्चो को घुमाने ले गए तो क्या अपराध कर दिए। कौन सा गुनाह हो गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक बीईईओ के बयान के विपरीत स्वीकार कर चुके है कि वे डाइर मेला के नाम पर बच्चो को छुट्टी देकर स्कूल को समय पूर्व बन्द कर दिए है। वे बच्चो को घुमाने नही लिए है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कामडारा के सुदूरवर्ती क्षेत्रो में सरकारी शिक्षा व्यवस्था का क्या स्थित है।

## व्यापारियों के बीच सर्टिफिकेट वितरण करने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक पालकोट रोड स्थित चेम्बर कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता, चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने की। बैठक में सभी व्यापारियों को सर्टिफिकेट वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पदाधिकारीयों के द्वारा कुछ नये प्रस्ताव आये उसपर सर्वसम्मति से विचार कर आगे कार्य करने के निर्णय लिया गया। प्रस्ताव में मुख्य रूप से गुरुनानक जयंती पर स्टॉल लगाकर चेम्बर द्वारा स्वागत कार्यक्रम, बाजार टांड़ गुमला में विभिन्न जगहों पर गेट की संख्या बढ़ाना, एस एस हाई स्कूल रोड और चेटर रोड जाने वाली मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण कार्य, श्रम विभाग द्वारा मिल के समस्या का निदान करना गुमला की जनता को पानी के कारण हो रही समस्याओं को लेकर पी एच डी विभाग से वातार्लाप करना एवँ पानी की विकराल समस्या को देखते हुए उपायुक्त महोदय से मिलकर एक नयी पानी टंकी का निर्माण शहरी क्षेत्र में कराना, शहरी क्षेत्र में बाइकर्स द्वारा बेतरतीब तरीके से बाइक चालकों पर लगाम लगाने को लेकर करमडीपा में पेट्रोलिंग पॉइंट बनाना।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल, पदम साबू, सरजु प्रसाद, छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, वरीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल साहु, उप समिति सदस्य आनंद गुप्ता और मनीष गुप्ता, आदित्य गुप्ता, अजय राणा, प्रतीक अग्रवाल, रितेश गुप्ता, प्रदीप सोनी, बिटटू कुमार, अरविंद सोनी इत्यादि।

## बिछड़ा बच्चा अपने मां-बाप से मिला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के पालकोट रोड स्थित लकड़ी डिपो में शुक्रवार को आयोजित बंदोई जतरा में एक बच्चा अपने मां-बाप से बिछड़ गया। इसके बाद बच्चा भटकते हुए पुग्गू की ओर चला गया वहीं शनिवार की सुबह कुछ युवकों ने पुग्गू में बच्चे को भटकते हुए देखा। इसके बाद उसे गुमला थाना पहुंचाया। गुमला थाना में बच्चे से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पीयूष बताया वही अपने पिता का नाम स्माइल डुंगडुंग बताया। लेकिन वह अपने गांव का नाम नहीं बता पा रहा है। फिलहाल उसे गुमला के बाल मित्र थाना में रखा गया है। बच्चे की उम्र लगभग 5 से 6 वर्ष है और वह लाल रंग का स्वेटर और काला रंग का टोपी पहना हुआ है।

## भुगतान संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रौनियार भवन के सभागार में संवेदक संघ गुमला की एक आवश्यक बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संवेदक संध के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से संवेदको को हो रही भुगतान संबंधी परेशानी एवं विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया संवेदक संघ के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी होने वाले सभी जिला योजना की निविदाओं का ऑफलाइन टेंडर कराने को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने का निर्णय लिया गया । साथ ही ऐ सी ए मद के द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान अभी तक संवेदकों को नहीं हो पाया है उसे लेकर जल्द ही संवेदक संघ के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा हमारे उपयुक्त से हम लोगों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया जाएगा इस संबंध में भी विशेष चर्चा की गई ।गुमला जिला के सभी प्रखंडों से आने वाले संवेदको से आग्रह किया गया है की संवेदको के हित के लिए एवं उनके स्वरोजगार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए संवेदक संघ के द्वारा उठाए गए कदम एवं निर्णय का सर्व समिति से समर्थन करने का आग्रह किया गया है

आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ,सचिव पंकज कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, शिवदयाल साहु, उदय साहु,चमार साहु, दीपक गुप्ता ,सनोज राम,बृजेश भगत, आनंद गुप्ता,मो जैनुल , आशिक अंसारी, मो.फयाज, राजेश भारती, लछमन प्रसाद, मंटू सिंह, बदुद खान, गोपाल शर्मा ,अनमोल गुप्ता ,बलराम साहु,प्रेम रंजन सिंह, विक्रम मिश्रा, आलोक मिश्रा , सुभाष प्रसाद,पंकज धाधरा, अशोक गुप्ता, विनोद गुप्ता,पंकज कुमार,सहित काफी संख्या में संवेदक उपस्थित थे

## मुशायरा-कवि सम्मेलन में रात भर बिखरते रहे रचनाओं के रंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अपना समाज और अपनी सभ्यता को बचाए रखने के लिए अपनी मातृभाषा को बचाना बहुत जरूरी है। उर्दू भाषा हमारे धर्म, सभ्यता और समाज से जुड़ी हुई भाषा है और इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी सबसे पहले हमारे कंधों पर है। उक्त बातें सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमांडेंट मो. खालिद खान ने कही। वे पैगाम ए अदब द्वारा आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कुरआन एक ऐसी किताब है जिसके हर शब्द के अंदर अथाह गहराई है। जिसमें डुबकी लगाने वाले डुबकियां लगाकर मोती निकाल लेते हैं। वही बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित कांग्रेस की अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव कुमुदिनी प्रभावती ने कहा कि यह दुख की बात है कि आज हमारे राज्य में उर्दू शिक्षकों का पद रिक्त है उर्दू के नाम पर स्कूल तो स्थापित है लेकिन ना उन स्कूलों में उर्दू की किताबें हैं और ना ही उर्दू के शिक्षक । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो के ज़िला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन ने कहा कि इस भौतिकवादी जीवन में साहित्य और भाषा का इतना भव्य कार्यक्रम करना सराहनीय है। उन्होंने पैगाम ए अदब के समक्ष यह वादा किया कि जब भी इस तरह के कार्यक्रम होंगे वह उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। अंजुमन सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि वह उर्दू की लड़ाई के लिए एक मुजाहिद की तरह लड़ते रहेंगे। अंजुमन सचिव मकसूद आलम ने कहा कि उर्दू भाषा को घर घर पहुंचने के लिए लगातर प्रयास करना चाहिए। मुशायरा में बहरीन से आए हुए प्रसिद्ध शायर अनवर कमाल ने अपनी बेहतरीन रचनाएं सुनाएं। वहीं यूपी की सना लहरपुरी ने अपनी गजलों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। शम्श तबरेज की शायरी से श्रोता काफी प्रभावित हुए। रांची की मीणा बंधन ने पूरे माहौल पर अपना अच्छा खासा असर छोडा। सरफराज नवाज की गजलों को लोगों ने पसंद किया। कार्यक्रम का संचालन गुमला के शायर आफताब अंजुम ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मो फिरोज व सचिव रिजवान असदकी ने कार्यक्रम को संभालने में काफी मशक्कत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय कवि शंभू शरणम, अफरोज सागर, फिरोज खान, चांद मंजर, कमर गयावी, सरफराज कुरैशी आदि ने अपने कलाम सुनाएं।

## संविधान दिवस पर क्विज और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डी. ए. वी पब्लिक स्कूल गुमला में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया.इस अवसर पर विद्यालय के चारों हाउस की सभी टीमों ने क्विज प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी निभाई। बताते चलें कि बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने और समसामयिक विषयों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने की दृष्टि की इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू जी की गरिमामय उपस्थिति रही.इस इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता में क्विज मास्टर की भूमिका श्री रामबली गुप्ता ने निभाया। चारों हाउस के मध्य आयोजित इस प्रतियोगिता में हंसराज हाउस के अचिंत्य झा, मिनीषा काकुल, सौम्या सुरभि और वीणा उरांव की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता रहे । वहीं दूसरे स्थान पर श्रद्धानंद हाऊस की टीम रही।

### छतरपुर स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में समावेशी शिक्षा पर आधारित शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला आयोजित

# समावेशी शिक्षा का उद्देश्य बिना भेदभाव के विद्यार्थियों का विकास करना है: चंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत शनिवार को समावेशी शिक्षा पर आधारित शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला विद्यालय प्रबंधन द्वारा सीबीएसई नई दिल्ली की ओर से प्रस्तावित इन हाउस प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों में कौशल विकास एवं नई शिक्षा नीति के तहत समावेशी शिक्षा पर आधारित शिक्षण पद्धति में आवश्यक सुधार को लेकर आयोजित किया गया था। मुख्य प्रशिक्षक प्राचार्य चंदन कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत समावेशी



कौशल विकास कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षक, शिक्षक व अन्य।

शिक्षा पर आधारित कई आधुनिक पद्यतियों को बताया। कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के छात्रों की सोच और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाकर सीखने की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाना है। शिक्षा में समावेशन की अवधारणा केवल कक्षा की दीवारों या स्कूल परिसर तक ही सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाना है। कक्षा में छोटे कदम समावेशी प्रकृति को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। विविध संस्कृतियों से उपमाओं और कहानियों को शामिल करना और ऐसे असाइनमेंट देना जो छात्रों को दूसरों से जुड़ने में मदद करें, एक और तरीका है। सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद के लिए विषय को वास्तविक दुनिया के मुद्दों से जोड़ा जाना चाहिए। समावेशी शिक्षा का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि जितने अधिक प्रायोगिक विधि से शिक्षा दिया जायेगा उतना ही बच्चों को अच्छी तरह से बातें समझ में आएगी। उन्होंने खेल-खेल में बच्चों को कैसे सिखाया जाए और समावेशी शिक्षा पर आधारित कई रहस्यों को बताया। वहीं, रिसोर्स पर्सन आशीष वर्मा ने कहा कि समावेशी शिक्ष क्षमता, भाषा, जातीयता, संस्कृति, पारिवारिक पृष्ठभूमि, उम्र या किसी दिव्यांगता जैसे मुद्दों पर विचार किए बिना गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। विद्यालय निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला से शिक्षकों के पढ़ाने के तरीकों में एक आवश्यक विकास एवं सुधार हो पाएगा। शिक्षक और भी बेहतर तरीके से बच्चों को पठन-पाठन करा पाएंगे। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश कुमार ने बच्चों की नैतिक शिक्षा पर अधिक जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में बच्चों का सर्वांगीण विकास ही संभव है। वहीं, विद्यालय के सचिव उपेंद्र कुमार ने कहा कि समावेशी कक्षाओं में सभी को शामिल किया जाता है। इसलिए सभी अनुभव, सांस्कृतिक ज्ञान और व्यक्तित्व शिक्षा के गैर-औपचारिक रूपों के निर्माण में मदद कर सकते हैं। मौके पर शिक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, कीर्तन दास, रोज फातिमा तिर्की, दीपशिखा तिर्की, सरली इक्का, लता खलखो, स्मृति शिखा, रंजू मींज, जया दास आशिष वर्मा, प्रिया सिंह, मिनी प्रिया, अंजना कुमारी, पूजा ठाकुर, रोहित कुमार, आर्यन कुमार, खुशबू कुमारी, राहुल कुमार, सोनाली गुप्ता, रूपाली गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, केपी साहू, कंचन कुमारी, नंदनी कुमारी, वंदना कुमारी, अंगद मिश्रा, संजय कुमार, सूर्यकांत मिस्त्री, नीतू कुमारी, पूजा देवी, जेपी सिंह, पुनिया कुमारी, श्वेता शर्मा, रूबी कुमारी और निकिता सिंह आदि मौजूद थे।

## कृषक बंधुओं के लिए लाभप्रद होगा प्रशिक्षण : अजीत तिवारी





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला की ओर से कृषि विकास कार्यक्रम के तहत रबी फसलों की उन्नत कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर के नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र विशुनपुर, रेहला में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि संस्थान का हमेशा से ही प्रयास रहा है कि इस तरह के कार्यक्रमों की मदद से आसपास क्षेत्र के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो। उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो। कहा कि खेती में आज नई-नई तकनीक एवं पद्यतियों का विकास हो रहा है और किसान इन छोटी-छोटी बातों का अनुपालन कर लागत में कटौती के साथ ही उत्पादन में बढ़ोतरी कर सकेंगे। आज का यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से कृषक बंधुओं के लिए लाभप्रद होगा। प्रशिक्षण के बाद सभी किसानों के बीच गेहूं एवं चना के बीज का वितरण किया गया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सह कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा के प्रमुख डॉ अशोक कुमार ने किसानों को बीज, खरपतवार नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन एवं रबी फसलों से जुड़ी अन्य बातों से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही किसानों के कृषि संबंधित अन्य समस्याओं एवं प्रश्नों पर उनका मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण में 92 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम में ग्रासिम के अधिकारी जय शंकर झा, जन सेवा ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ पीपी पांडेय, मो कैफ, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह, भोला सिंह, अनिता देवी आदि मौजूद थे।

## लिंग के आधार पर ना हो भेदभाव : अंजनी कुमार

**जेएसएलपीएस के तत्वाधान में नई चेतना कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को नई चेतना-पहल बदलाव की कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस के तत्वाधान में जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। लिंग पर आधारित भेदभाव को दूर करने व लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से



राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें जेएसएलपीएस की ओर से प्रॉजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया व जागरूक किया गया। कार्यशाला में महिला उत्पीड़न, महिला हिंसा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विचारधारा, सामाजिक जागरूकता, परिवारिक, महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक भेदभाव आदि विषयों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कोऑर्डिनेटर अंजनी कुमार ने कहा कि नई चेतना अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हिंसा के विरुद्ध उनके अधिकारों को आगे बढ़ाना और उनके जीवन को भय और भेदभाव से मुक्त करना है। कहा कि लिंग पर आधारित भेदभाव नहीं होनी चाहिए। महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। इस मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़े सैकड़ो महिलाएं मौजूद थी।

## सर्वधर्म सद्भाव के लिए गुरुनानक देव जी के बताये मार्गों पर चलने की जरूरत: मनुज शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को गुरु नानक जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना की गई, जिसमें शबद गायन एवं नृत्य प्रदर्शित किया गया। इनमें वैष्णवी, नीति, प्रियांशी, मयंक, आशुतोष इत्यादि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नैतिक कक्षा 6 की ओर से गुरु नानक देव के जीवन,



शिक्षा एवं विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। आरपीएस विद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने छात्र-छात्राओं से गुरुनानक देव जी के बताए रास्ते पर चलने की अपील की, ताकि समाज में सर्वधर्म सद्भाव की संस्कृति कायम हो सके। उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपनी संस्कृति के साथ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर गतिविधि प्रभारी रंजना के साथ स्वेतालीना, अमृता, दीपक और रुपेश ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढ़स



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय शनिवार को गोदरमा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने मृत सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडेय के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। कहा कि परिवार की इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। अगर किसी तरह की जरूरत हो तो उन्हें बेझिझक बताया जाए, हर संभव मदद की जाएगी। बताते चलें कि सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के पिता सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडेय का निधन शुक्रवार को हो गया था। इस मौके पर श्याम किशोर पांडेय, राजीव पांडेय, धनंजय तिवारी, विजय चौबे, नरसिंह चौबे सहित कई लोग मौजूद थे। दूसरी ओर, वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने भी मुरारी पांडेय के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

## स्पोर्ट्स



जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने उदय सहारन को कप्तान चुना है। टूर्नामेंट आठ दिसंबर से यूएइ में खेला जाएगा। पहला मुकाबला भारत-अफगानिस्तान के बीच होगा।

### अंडर-19 एशिया कप : यूएइ में 8 दिसंबर से खेला जायेगा टूर्नामेंट

# जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का एलान, उदय सहारन को सौंपी कप्तानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने उदय सहारन को कप्तान चुना गया है। टूर्नामेंट 8 दिसंबर से यूएइ में खेला जाएगा। भारतीय दल में 15 चयनित खिलाड़ियों के अलावा, 3 स्टैंडबाय प्लेयर्स को भी शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, 4 एक्स्ट्रा रिजर्व प्लेयर्स भी हैं। रिजर्व खिलाड़ी टीम के साथ वअए नहीं जाएंगे। एशिया कप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट 50 ओवर फॉर्मेट में होगा।

### उदय सहारन कप्तान, सौम्य वाइस कैप्टन

पंजाब के उदय सहारन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है।



वहीं, मध्यप्रदेश के सौम्य पांडे टीम के उपकप्तान रहेंगे। चयन समिती ने देशभर से टैलेंट चुने है। इसमें से महाराष्ट्र से दो और हैदराबाद से दो खिलाड़ी हैं। दूसरे राज्यों से एक-एक खिलाड़ी शामिल है। एशिया कप 8 दिसंबर को शुरू होगा, जिसमें भारत का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से होगा और फाइनल 17 दिसंबर को खेला जाएगा। भारत 10 दिसंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा और फिर 12 दिसंबर को नेपाल से भिड़ेगा।

### भारत डिफेंडिंग चैंपियन

आखिरी बार टूर्नामेंट 2021 में खेला गया था। इसमें फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को हरा कर ट्रॉफी जीती थी। पिछली बार भी 8 टीमों ने हिस्सा लिया था, लेकिन इस बार कुवैत की जगह जापान ने क्वालिफाई किया है। इस बार खिताबी जंग में जापान पहली बार उतरेगा। 8 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम है जिसने आठ बार ट्रॉफी जीती है।

### एशिया कप के लिए भारत का अंडर-19 स्क्वाड

**स्क्वाड:** अर्शिन कुलकर्णी (महाराष्ट्र), आदर्श सिंह (उत्तर प्रदेश), रूद्र मयूर पटेल (गुजरात), सचिन दास (महाराष्ट्र), प्रियांशु मोलिया (बड़ौदा), मुशीर खान (मुंबई), उदय सहारन (कप्तान) (पंजाब), अरवेल्ली अवनीश राव (हैदराबाद), सौम्य कुमार पांडे (वीसी) (मध्य प्रदेश), मुरुगन अभिषेक (हैदराबाद) इन्नेश महाजन (हङ)(हिमाचल प्रदेश) , धनुष गौड़ा (कर्नाटक) , आराध्या शुक्ला (पंजाब), राज लिम्बनी (बड़ौदा) और नमन तिवारी (उत्तर प्रदेश)

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** प्रेम देवकर (मुंबई), अंश गोसाईं (सौराष्ट्र) और मो. अमान (उत्तर प्रदेश)

**रिजर्व खिलाड़ी:** दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश और किरण चोरमले।

### पाकिस्तान के इमाद वसीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्पिन-ऑलराउंडर इमाद वसीम ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 34 साल के खिलाड़ी ने पाकिस्तान के लिए अब तक 55 वनडे और 66 टी-20 मुकाबले खेले। इमाद को टेस्ट स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार इस साल अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। इमाद ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 और उसी साल श्रीलंका के खिलाफ वनडे में डेब्यू किए थे। उनका इंटरनेशनल क्रिकेट करियर आठ साल का रहा। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर इमाद ने 55 वनडे में 44 विकेट और 66 टी-20 में 65 विकेट लिए. वहीं उन्होंने वनडे में 986 रन और टी-20 में 486 रन बनाए। इमाद पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का हिस्सा हैं। साथ ही वह हंड्रेड, कैरेबियन प्रीमियर लीग और लंका प्रीमियर लीग का भी हिस्सा रहे हैं। वह इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भी खेलते रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गेहूं का बीज पैक्स से नहीं मिलने पर सरसोत के किसानों ने जताया आक्रोश



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत के किसानों को अनुदानित दर पर गेहूं का बीज नहीं मिलने पर किसानों ने आक्रोश जताया है। इसे लेकर शनिवार को ग्राम सरसोत, बहेरावडीह, डुबरीडीह, पत्थरा, एकौनी गांव के किसानों ने बहेरावडीह प्राथमिक विद्यालय परिसर में पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी के अध्यक्षता में बैठक कर विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन अरूण कुमार सिंह ने किया। इस संबंध में किसान ओमप्रकाश कुमार सिंह, भगवत साव, कमलेश साव, सुरेश सिंह, उदित मेहता,रामपति यादव,अनिल शर्मा, फकीरा भुईयां,नौरंगी बैठा,महंग राम, सुरेश मेहता, राकेश कुमार सहित कई किसानों का आरोप है कि कुछ दिन पहले ही पैक्स में गेहूं का बीज आया था। जिसे किसानों को न देकर कर्मियों और पैक्स की मिलीभगत से कालाबाजारी कर दिया गया। किसानों ने बताया कि एक ओर किसान सूखाड़ की मार झेल रहे हैं तो दूसरी ओर किसानों को अनुदानित दर पर मिलनेवाले बीज बिचौलियों की भेंट चढ़ जा रही है। ऐसे में अधिक मूल्य पर किसान बीज खरीदने को विवश हैं। मामले में किसानों ने उपायुक्त पलामू को शिकायती आवेदन पत्र सौंपने की बात कही है। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा भी किसानों की समस्याओं से मिलकर विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया है।

### मुखिया ने किया गर्म वस्त्र का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के काजरात नावाडीह आंगन बाड़ी केंद्र पर समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित बाल विकास परियोजना द्वारा उपलब्ध कराए गए गर्म वस्त्र का वितरण बेलबिगहा पंचायत की मुखिया अनंति देवी, पंसस सरिता देवी व वार्ड सदस्य शंभू राम ने किया। आंगनबाड़ी केंद्र काजरात नावाडीह की सेविका पूनम देवी ने बताया कि पोषक क्षेत्र के कुल 60 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया है। मौके पर पूर्व मुखिया रामलखन यादव, बिगन प्रजापति, शिव नारायण सिंह, वीरेंद्र चौधरी, कामेश्वर यादव, विकास पासवान, चंपा देवी, धनंजय राम, देवंती देवी, जगदीश यादव, अजीत प्रजापति, राजू यादव, टूना प्रजापति, रंजन कुमार यादव, राम विलास मेहता, सुष्मा देवी, शांति कुंवर, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड 15 व 16 में शिविर का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के वार्ड नंबर 15 व 16 में शनिवार को शिविर आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, सलीमुद्दीन अंसारी व समजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, नक्शा से संबंधित मामले, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण का मामला आया। जिसमें से कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल भी वितरित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, जेई विभूती कुमार, मुकेश कुमार, अजित टुडु, मो सत्तार खलीफा जिलानी, संजय ठाकुर, सुमित कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि चौधरी और मुबारक अंसारी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, सिगसिगी पंचायत में भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद, जिला पार्षद विजय रविदास, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, एमामूल हक गुड्डू, मुखिया किरण देवी व समजसेवी पिंटू चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए उसकी जानकारी होनी चाहिए। जिला परिषद विजय रविदास ने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में कई तरह के समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा सिगसिगी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया। साथ ही हरित बरसा सिंचाई कूप सर्टिफिकेट का वितरण हुआ।

## छतरपुर में आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन, 415 से अधिक लोग लाभान्वित

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक एवं दो में शिविर का आयोजन किया गया। बाबा वीर कुंवर स्थल भगवान टोला, मदनपुर में आयोजित शिविर में 415 से अधिक लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। नगर पंचायत छतरपुर के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो ने बताया कि शिविर में 215 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं 134 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। 50 व्यक्तियों का नाम राशन कार्ड में जोड़े गए। वहीं 4 व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया गया। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र एक व्यक्ति को निर्गत किए गए। एक व्यक्ति को आवास योजना का लाभ दिया गया। इसके साथ ही 15 लोगों को होल्डिंग टैक्स से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो ने कहा कि विभिन्न स्थानों/वार्डों में लगने वाले शिविर में आमजन भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा करें और समस्याओं का निदान पाएं। मौके पर 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अंचल पदाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक आदि उपस्थित थे। इस दौरान आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी दी गई।

**आरोप : धनबाद की विधि व्यवस्था को लेकर 2 दिसंबर को भाजपा की जनाक्रोश यात्रा**

# धनबाद में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस-सरकार है जिम्मेदार : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता


अपने आवासीय कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते विधायक राज सिन्हा।

**धनबाद।** जिले के व्यवसायियों पर विगत दिनों हुए हमले और रंगदारी की मांग सहित बिगड़ती विधि व्यवस्था के खिलाफ भाजपा में मोर्चा खोल दिया है। आगामी दो दिसंबर को भाजपा की ओर से पुराना बाजार तेतुलतल्ला मैदान से विरोध स्वरूप जनाक्रोश यात्रा निकालेगी जो रणधीर वर्मा चौक तक जाएगी। इससे पहले 30 नवंबर को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस बाबत शनिवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मंडल के पदाधिकारियों ने यह निर्णय संयुक्त रूप से लिया है। स्थानीय स्तर पर जिला पदाधिकारियों से मिलकर अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की जाएगी। इसके बाद भी स्तिथि नहीं सुधरी तो राजधानी रांची तक जाएंगे और जनता के जनाक्रोश को अंजाम तक पहुंचाने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अपराध को अंजाम दिया जा रहा और रंगदारी वसूली जा रही इससे यही लगता है कि मिलने वाले रंगदारी में पुलिस और सरकार का भी हिस्सा है। कई बार हमने विधानसभा में भी आवाज उठाया, लेकिन कोई पहल नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो दिसंबर में विधानसभा चलने वाला है वहां भी धरना देंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि धनबाद की जनता सरकार चला रही पार्टियों को पसंद नहीं करती है। इसी लिए सरकार जानबूझ कर यहां के लोगों को परेशान कर रही है। अगर जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को लेकर हम सांसद पशुपतिनाथ सिंघ के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलेंगें और हस्तक्षेप की मांग करेंगें। इस मौके पर महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, नितिन भट्ट, मानस प्रसून, संजय झा, वीरेंद्र हांसदा, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, मिल्टन पार्थसारथी आदि मौजूद थे।

## डीसी के नेतृत्व में धनबाद मंडल कारा में जिला प्रशासन की टीम ने की छापामारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद मंडल कारा में उस समय अफरा तफरी मच गई जब राज्य सरकार के आदेश पर डीसी वरुण रंजन के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने औचक छापामारी की। शनिवार की सुबह 9 बजे अचानक से जिला प्रशासन की पूरी टीम मंडल कारा पहुंची। टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान और दो दर्जन से अधिक महिला पुलिसकर्मी भी थे। टीम ने जेल के अंदर लगभग दो घंटे तक पुरुष और महिला वार्ड को खंगाला। हालांकि टीम को कुछ खास हाथ नहीं लगा। जांच के दौरान टीम को छह चाइनीज सीरीज लाइट, एक चम्मच, 10 पुड़िया खैनी, एक सिगरेट का खाली डब्बा, चार सेंट की सीसी, दो खैनी का डब्बा और एक लाइटर मिला। छापामारी टीम में जिला प्रशासन की ओर से डीसी वरुण रंजन के अलावे एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, डीडीसी, एसडीएम इत्यादि शामिल थे।

## अवैध खनन के दौरान धंसी चाल, महिला की मौत, हंगामा



- मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ धरने पर बैठे स्थानीय लोग
- दो लाख नगद व दो आश्रित को नियोजन देने पर सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या पांच के तेतुलमारी कोलियरी में संचालित चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग परियोजना के समीप अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से उसके नीचे दब कर एक महिला की मौत हो गयी। वहीं, हादसे वाले स्थान पर अफरा-तफरी मच गयी। आनन फानन में साथ में खनन कर रहे लोगों ने महिला को मलबे से बाहर निकालकर निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान रेन्गुणी बस्ती के महेंद्र महतो की पत्नी बिना देवी के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल में जुट गई।

### शव लेकर आउटसोर्सिंग पहुंचे ग्रामीण व परिजन

मृतक के परिजन और स्थानीय लोग शव लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी पहुंच गए और मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। लोग पांच लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे थे। बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधि और आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद दो लाख रुपया नगद और तत्काल एक आश्रित को नियोजन और तीन महीने के बाद एक और आश्रित को नियोजन देने पर सहमति बनी। वार्ता में जिला परिषद सदस्य इस्राफील उर्फ लाला, मुखिया रिंकू महतो, अशोक ठाकुर आदि मौजूद थे।

### ऐसे घटी घटना

मृतक के साथ कोयला लाने गए लोगों ने बताया कि वे सभी कोयला चुन रहे थे। तभी अचानक कोयले का बड़ा हिस्सा गिर गया। सभी वहां से भाग गए, पर वीणा देवी भाग नहीं सकी और मलवे में दब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं वीणा के साथ कि महिलाओं ने कहा कि हम सभी घर में जलावन के लिए कोयला चुनने गए थे। मृतका के दो बेटे और एक बेटी है। दूसरी ओर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मध्यस्था के बाद मृतक के परिजन और आउटसोर्सिंग कंपनी के बीच वार्ता में सहमति बनी। जिसके बाद परिजन व स्थानीय लोग आंदोलन समाप्त कर शव लेकर जा रहे थे तभी वहां दोपहर दो बजे झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो पहुंचे और शव के साथ फिर धरना पर बैठ गए। जिसके बाद वार्ता में शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधि भी वहां पहुंचे और जयराम को वार्ता से संबंधित जानकारी दी और आंदोलन समाप्त करने को कहा। जयराम ने परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह से फोन पर बात कर मृतक के परिवार के बच्चों के पठन पाठन का खर्च उठाने की बात कही। सकारात्मक मदद के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

## आरपीएफ का सुरक्षा गश्ती दल करेगा रेलवे ट्रैक की निगरानीः महुदा एडीइएन

### *आजाद सिपाही* में छपी खबर पर रेल प्रबंधन हुआ रेस

**आजाद सिपाही इंपैक्ट**

अवैध कार्य की बंदी को लेकर जिला प्रशासन को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा-खानुडीह रेलखंड के नजदीक मुचिरायडीह में चल रहे अवैध कोयले की खबर *आजाद सिपाही* में प्रकाशित होने के बाद रेल प्रबंधन रेस हो गयी हैं। इस बाबत दपूरे रेल प्रबंधन ने अवैध खदाने बंद करने को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखा हैं। वहीं जिला प्रशासन भी हरकत में आकर कार्रवाई की दिशा में जुट गयी है। इसे लेकर रेलवे प्रबंधन ने बीसीसीएल के उच्चाथिकारियों समेत जिला पुलिस प्रशासन, डीएफओ व अन्य विभाग को अवैध खुदाई से रेल को खतरा जताते हुए अविलंब रोक लगाने और कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर, विकास पालिवाल डीएफओ और एसडीओ धनबाद उदय रजक ने शीघ्र ही संपूर्ण जानकारी लेकर कार्रवाई का संकेत दे दिया है। वहीं इस मामले पर शनिवार को रेलवे-महुदा के पीडब्ल्यूआई इंद्र कुमार महतो एवं रेलवे ओसी एके सिंह ने संयुक्त रुप से अवैध खादान क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रबंधन के उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित किया है। सूत्रों की मानें तो रेलवे अधिकरियों ने निरीक्षण के बाद रेलवे ट्रैक क्षेत्र से महज 50 फीट की दूरी पर कोयला तस्करों द्वारा लगभग आधे दर्जन अवैध माइंस खोलने और लगातार डाइनामाईट से ब्लास्टिंग करने पर पटरी को असुरक्षित होने का बात जताया है। इस मामले पर रेलवे-महुदा के एडीइएन ने रेलवे पटरी के नजदीक चल रहे अवैध खादान से ट्रैक पर खतरा बताते हुए चिंता जाहिर की है। उन्होने कहा कि खबर के माध्यम से मामला संज्ञान में आया हैं। इस संदर्भ में तत्काल एक निरीक्षण टीम का गठन कर आरपीएफ एवं सुरक्षा टीम को तैनात कर दिया गया है, जो सघन निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार को देखते स्थानीय पुलिस प्रशासन समेत सभी संबंधित विभागों को पत्र प्रेषित किया जा रहा है। गौरतलब हो कि मुचिरायडीह क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला के काला कारोबार के तीन दिन पूर्व दो ट्रेलरों की जब्ती के बाद खुदाई तो बंद है, पर मौके पर उत्पादित सैकड़ों बोरों से भरे कोयलों को तस्कर टपाने की फिराक में लगे है। देखना है प्रशासन को लिखित शिकायत देने के बाद भी कारोबार बंद होगा या नहीं।

### अवैध कोयला खनन से महुदा-खानुडीह रेलखंड को खतरा, बढ़ी हादसे की संभावना

धनबाद डीएफओ ने कहा-वन को हानि पहुंचाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र स्थित मुचिरायडीह डीएवी स्कूल से सटे इलाकों में इन दिनों बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार संचालित है। मुचिरायडीह पुराने रेलवे फाटक बीजी-22 से महज 50 मीटर दूर जमीन के नीचे से अवैध तरीके से कोयला निकाला जा रहा है। जानकारों की मानें तो जिस स्थान पर उत्खनन के लिये जो सुरंग बनाई गयी हैं, वह रेलवे ट्रैक की तरफ जा रही हैं। ऐसे में डर है कि रेल पटरी के नीचे से मिट्टी हटने से जमीन कहीं खोखली ना हो जाए। बताते चलें कि महुदा खानुडीह होकर राजधानी पैसेंजर सहित कई ट्रेन काफी तेज रफ़्तार से गुजरती हैं। इन दिनों यहां सैकड़ों की संख्या में अवैध मुहाने खोल दिए गए हैं, जहां अंदर जा कर कोयले की कटाई की जाती है। हैरानी की बात है कि अवैध मुहानों से कोयला निकालने के लिए कोयला तस्कर डायनामाइट तक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका सीधा असर रेल लाइन व नये बने रेलवे ब्रिज पर पड़ सकता है। जानकार बताते हैं कि यदि निकट भविष्य में काले कारोबार का यह विनाशकारी खेल बंद नहीं हुआ तो इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता हैं।

गौरतलब हो कि इससे पहले भी *आजाद सिपाही* ने इस संबंध में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित किया था जिसके बाद एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित ग्रामीण एसपी व सीआईएसएफ द्वारा कार्रवाई की बात की थी। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से तस्कर फिर से अपना धंधा चालू कर दिये। वहीं स्थानीय पुलिस इस कारोबार पर पूरी तरह अपनी आंखें मूंदी बैठी है, मानो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही हो। जानकारी के अनुसार इस काले कारोबार का मास्टर माइंड बंटी सिंह नामक कोयला तस्कर हैं, जो स्थानीय राजीव सिंह, प्रभास सिंह, कमलेश पाठक सहित दर्जनों सफेदपोशों संग सेटिंग के जरिये इस क्षेत्र के हरेभरे जंगल के एक बड़े हिस्से को अपने स्वार्थ के लिये पूरी तरह रोंध डाला हैं। दर्जनों बड़े-बड़े पेड़ों को जेसीबी व पोकलेन के सहारे उखाड़ फेंक दिया हैं। इनके द्वारा प्रत्येक दिन ट्रकों व ट्रेलरो से उतखनित कोयले को रात के अंधेरे में ट्रक के माध्यम से बंगाल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है। बतातें चलें कि संचालित उक्त कारोबार में शातिर मिजाज बंटी सिंह, राजीव सिंह प्रभाष सिंह कमलेश सिंह, जगदीश सहित कई अन्य शामिल बताये जा रहे है जिन पर पिछले दिनों मधूबन एवं राजगंज की पुलिस ने जब्त ट्रक और ट्रेलर मामले में नामजद आरोपी बनाया है। राज्य की खनिज संपदा पर दिन-दहाड़े मची लूट पर वर्तमान अंचलाधिकारी रवि भूषण ने अपनी औपचारिक प्रतिक्रिया देते संबंधित थाना प्रभारी महुदा को तत्काल छापेमारी करने का निर्देश देने का बात कहा है। वहीं, धनबाद के डीएफओ विकास पालीवाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया हैं। इससे पूर्व भी हमने कई जगहों पर कार्रवाई की हैं। अपनी टीम को उक्त स्थान पर भेजूंगा। वन को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा।



## झारखंडी माटी पुत्रों के रोजगार को लेकर आहूत आंदोलन ऐतिहासिक होगा : सांसद



**बेरमो (आजाद सिपाही)।** सांसद सीपी चौधरी ने शनिवार को बेरमो कोयलांचल के विभिन्न इलाके में जनसपंर्क अभियान चलाया गया। वे चलकारी, कारीपानी, तूरियो, पिछरी सहित विभिन्न क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर 27 नवंबर को आहूत आंदोलन में सहयोग देने की अपील की। कहा कि असली माटी पुत्र बदहाल हैं। इनके समाजिक जीवन के उत्थान के लिए प्राथमिकता के आधार पर इनको सभी जगह वैकल्पिक रोजगार देना ही होगा। वहीं, सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों में स्थानीय माटी पुत्रो को रोजगार उपलब्ध कराए जाए। जबतक रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं होते तबतक चैन से नहीं बैठेंगें। इस मौके पर काशीनाथ सिंह, गिरजा देवी, संतोष महतो, महेंद्र चौधरी, मनोज सिंह, काली सिंह, महेश तुरी, अमन कुमार, यशवंत कुमार , शशि रविदास, चीकू शर्मा, पप्पू सिंह आदि उपस्थित थे।

## सांसद व विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# जनता को मिलेगी सुविधा व लाभ : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद पीएन सिंह, विधायक पूर्णिमा सिंह व अन्य।

**धनसार।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की अनुशंसा पर झरिया में डीएमएफटी फंड से स्वीकृत झरिया-केंदुआ मुख्यमार्ग से भालगोड़ा 05 नंबर रूरल बस्ती तक भाया शिमलाबहाल पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को सांसद पशुपतिनाथ सिंह और विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सांसद ने कहा कि धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में डीएमएफटी की योजना के तहत विकाश कार्य किये जा रहे हैं। पूरे जिले में डीएमएफटी फंड से विकास कार्यों में तेजी आया है। धनबाद माइनिंग क्षेत्र है और झारखंड में सबसे ज्यादा रेवेन्यू धनबाद से ही जाता है। जनता को सुविधा और लाभ मिलेगा। वहीं, निर्माण कार्य के संबंध में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि यह पथ डीएमएफटी द्वारा स्वीकृत है। इस पथ के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। 1700 मीटर पथ में 100 मीटर का गार्डवाल और एक पुलिया का निर्माण होना है। जिसकी प्रक्कलित राशि एक करोड़ 77 लाख रुपये है। कार्य का क्रियान्वयन ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल धनबाद द्वारा किया जाना हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, अंकुश ग्रोवर, सूरज सिंह, बबलू सिंह, शेख सुलतान, राजा अंसारी, अकील अंसारी, मो रफीक, गाजी अंसारी, फारूक अंसारी, जोगी लोहार, राकेश पासवान भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, अशोक वर्णवाल, श्रवण राम, आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

पत्रांक 1896/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–24.11.2023

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/ 17 /2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा श्शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR.NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में कार्य पूर्ण करने की अवधि छः (06) माह के स्थान पर तीन (03) माह पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.312066 Rural Development(23-24):D

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 03/2023-24

1. विज्ञापन दाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 05.12.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. :- दिनांक 06.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र विक्रय का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 06.12.2023 को अपराह्न 4.00 बजे
6. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02।
8. कार्य की विस्तत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Modernization of New Microbiology Room Aluminium partition G.C.I. sheet Roof shed and other allied work at state laboratory new P.H.E.D. colony Hinoo under D.W.&S. Division Hatia Project Ranchi. | 9,77,484/- | 20,000/- | 1,250/- | पन्द्रह दिन |

विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क करें या विभागीय वेबसाईट :– http//:daa.jharkhand.gov.in पर देखें। प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन राशि भी देय होगी है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
हटिया योजना, रॉंची

PR 312025 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा**

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2021–22 एंव वर्ष–2022–23 में Hit & Run के तहत कुल–07 मामले कोडरमा जिला अंतर्गत घटित हुए है। ज्ञात हो कि सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय अधिसूचना 01.04.2022 से सड़क दुघटना में घायल/ मृतक के वादी को 50000 रू/200000रू मुआवजा राशि देने का प्रवधान है।

Hit & Run मे घायल/मृतक के वादी द्वारा योजना के लाभ हेतु अबतक कोई आवेदन प्राप्त नही है। जो निम्न प्रकार है।

| क्र० सं० | थाना | कांड सं० | मृतक का नाम | मृतक का पता | वादी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोमचॉंच | 88/23 | रोनित साव | वॉड न०–10 डोमचॉंच जयनगर रोड, कोडरमा। | रंजीत कुमार | आवेदन अप्राप्त |
| 2 | सतगॉवा | 38/23 | अजित कुमार | खेरा गॉव, सतगॉवा | अलखदेव यादव | |
| 3 | चंदवारा | 43/22 | भुनेश्वर हजाम | कोथवाडीह, उरवा, चंदवारा। | देवंति देवी | |
| 4 | चंदवारा | 100/22 | मथुरा साव | पिपरा, चोपारण हजारीबाग। | फुलवा देवी | |
| 5 | सतगॉवा | 140/22 | विभा कुमारी | सतगॉवा | रविन्द्र प्रसाद यादव | |
| 6 | कोडरमा | 279/22 | राजेन्द्र राम मोहली | नवादा बिहार। | | |
| 7 | कोडरमा | 287/22 | अखुरा साव | डोमचॉंच। | मंजी कुमारी | |

अतः उपरोक्त घायल/मृतक व्यक्तियों के अश्रितों को सूचित किया जाता है कि अविलंब जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में नियमानुसार लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन समर्पित करेगें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR.NO.312010 Transport(23-24):D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
(समाज कल्याण शाखा)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

–: आम सूचना :–

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, रॉंची के पत्रांक 346/बा0सं0, दिनांक 14.12.2023 में निहित निदेश के आलोक में केन्द्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय पदों यथा परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं आंकड़ा विश्लेषक के पद पर योग्य व्यक्तियों को संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्त्ताधारी व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसकी स्क्रुटनी विभागीय अधिसूचना संख्या–05/म0ब0/ICPS- नियु0 नियमा0 – 575/2015 –1835, रॉंची, दिनांक 20.07.2016 के कंडिका 12 (II&III) के निमयमानुसार अनिवार्य एवं अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत को नियम में वर्णित प्रक्रिया अनुरूप अंकित करते हुए एवं शैक्षणिक योग्यता निकालते हुए सभी अभ्यर्थियों की प्रत्येक श्रेणी के पदों की रिक्तियों की दुगनी संख्या में उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित नियुक्ति समिति द्वारा प्रारंभिक मेघा सूची तैयार कर रामगढ़ के वेबसाईट ramgarh.nic.inएवं PRD के माध्यम से प्रकाशन की जानी है।

उपायुक्त, रामगढ़ द्वारा गठित समिति द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रुटनी के पश्चात प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेघा सूची तैयार किया गया है। सभी आवेदनकर्त्ताओं से अपील है कि प्रथम प्रारंभिक औपबंधिक मेघा सूची जिला के वेबसाईट www.ramgarh.nic.inपर प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची के प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनो के अन्दर अपने दावा आपत्ति का निराकरण तथा वांछित कागजात कार्यालय में समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार का दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में प्रकाशित प्रथम/प्रारंभिक मेघा सूची को अंतिम मेघा सूची माना जायेगा।

ह०/–
उपायुक्त,रामगढ़।

PR 312042 District(23-24)D

